दैनिक
# मिशन नेशनल न्यूज
Mission of Truth
TITLE CODE.: UTTHIN05386
हिन्दी अखबार
प्रसारित स्थान : उत्तराखण्ड ● प्रयागराज ● मथुरा ● बिजनौर ● सहारनपुर ● मुजफ्फरनगर ● मेरठ ● गाजियाबाद
वेबसाईट पढ़े : www.missionnationalnews.com
वर्ष-2 अंक-332 पृष्ठ-8 : मूल्य : 1 रुपये
हरिद्वार, शुक्रवार, 29 नवंबर 2024

## इंडिया गठबंधन के नेताओं की मौजूदगी में हेमंत सोरेन बने झारखंड के चौथी बार मुख्यमंत्री

### मंत्रिमंडल पर संशय, इसलिए अकेले ही ली पद व गोपनीयता की शपथ

**रांची**

झारखंड विधानसभा चुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) की अगुवाई वाले इंडिया गठबंधन को बड़ी जीत मिली थी। चुनाव नतीजे आने के पांच दिन बाद झारखंड को अब नई सरकार मिल गई है। राज्यपाल संतोष गंगवार ने हेमंत सोरेन को झारखंड का मुख्यमंत्री नियुक्त कर दिया है। हेमंत सोरेन ने रांची में आयोजित भव्य कार्यक्रम में झारखंड के 14वें मुख्यमंत्री के रूप में पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। हेमंत चौथी बार झारखंड के मुख्यमंत्री बने



हैं। सीएम के साथ छह से आठ मंत्रियों के भी शपथ लेने की चर्चा थी लेकिन ऐसा हुआ नहीं। सीएम के साथ किसी मंत्री ने शपथ नहीं ली। हेमंत के शपथ ग्रहण में उनके पिता और तीन बार के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन भी मौजूद रहे। हेमंत सरकार के गठन के मौके पर इंडिया ब्लॉक के नेताओं ने भी शामिल होकर शक्ति प्रदर्शन किया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव, यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव भी मौजूद रहे। गौरतलब है कि झारखंड विधानसभा चुनाव में जेएमएम, कांग्रेस, आरजेडी और लेफ्ट के साथ गठबंधन के साथ मैदान में उतरी थी। जेएमएम की अगुवाई वाले गठबंधन को 56 सीटों पर जीत मिली थी। झारखंड विधानसभा की कुल सदस्य संख्या 81 है और बहुमत के लिए जरूरी जादुई आंकड़ा 41 विधायकों का है। इंडिया ब्लॉक का नंबर बहुमत के लिए जरूरी आंकड़े से भी 15 ज्यादा है। जेएमएम को ही 34 सीटें मिली हैं। कांग्रेस को 16, राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) को चार और लेफ्ट को दो सीटो सीटों पर जीत मिली थी। चुनाव नतीजों के बाद अगले ही दिन सोरेन ने राज्यपाल संतोष गंगवार से मुलाकात कर सरकार बनाने का दावा पेश कर दिया था। मुख्यमंत्री पद को लेकर किसी भी तरह का कोई सस्पेंस नहीं था लेकिन मंत्रिमंडल की तस्वीर पर गठबंधन के घटक दलों में सहमति अभी नहीं बन सकी है। इसकारण सोरेन ने अकेले ही पद एवं गोपनीयता की शपथ ली।

## संसद में गौतम अडानी को लेकर कांग्रेस के हंगामे से नाराज हुई ममता बनर्जी

### सांसदों ने कहा टीएमसी चाहती है संसद चले

**नई दिल्ली**

संसद के शीतकालीन सत्र में दिग्गज कारोबारी गौतम अडानी के मुद्दे पर अब तक हंगामा ही देखने को मिला है। कांग्रेस और खासकर लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी की ओर से इस मुद्दे को उठाया जा रहा है। वहीं अब विपक्षी दल में शामिल टीएमसी के सुर अलग सुनाई पड़ रहे हैं। फिर बंगाल की सीएम और टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी इंडिया गठबंधन से अलग स्टैंड लेती हुई दिख रही हैं। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) टीएमसी ने अपने सांसदों की बैठक में कांग्रेस से अलग राह अपनाने का फैसला किया है। बैठक संसद के दोनों सदनों में अडानी मामले पर कांग्रेस के हंगामे के बीच हुई। टीएमसी चाहती है कि संसद को चलने दिया जाए, ताकि जनता के मुद्दे उठाए जा सकें। राज्यसभा में टीएमसी नेता डेरेक ओ ब्रायन ने बताया कि टीएमसी संसद में जनता की आवाज बनना चाहती है।

टीएमसी बंगाल को केंद्र से मिलने वाले फंड में कथित कमी और मणिपुर की स्थिति जैसे मुद्दे को उठाना चाहती है। टीएमसी लोकसभा सांसद काकोली घोष दस्तीदार ने कहा, टीएमसी चाहती है कि संसद चले, ताकी जनहित के मुददे उठाए जा सके। हम नहीं चाहते कि एक मुद्दा संसद को बाधित करे। हमें इस सरकार को उसकी कई



विफलताओं के लिए जवाबदेह ठहराना चाहिए। उन्होंने कहा, टीएमसी संसद चलाना चाहती है। हम नहीं चाहते कि एक ही मुद्दा संसद को ठप करे।

टीएमसी सांसदों के बयान के बाद ममता बनर्जी की पार्टी इंडिया गठबंधन में अपनी एक अलग जगह बनाती हुई दिख रही है। हरियाणा और महाराष्ट्र में कांग्रेस की हालिया चुनावी हार और बंगाल उपचुनाव में टीएमसी की जीत के बाद यह स्थिति और मजबूत हुई है। बनर्जी सहित इंडियास गठबंधन के अधिकांश दिग्गजों के गुरुवार को झारखंड के मुख्यमंत्री और जेएमएम प्रमुख हेमंत सोरेन के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने की उम्मीद है। यह विपक्षी गठबंधन के शक्ति प्रदर्शन का एक मंच होगा।

सांसद दस्तीदार ने कहा कि टीएमसी राष्ट्रीय स्तर पर इंडिया गठबंधन का हिस्सा है, लेकिन किसी भी पार्टी के साथ चुनावी गठबंधन में नहीं है। उन्होंने कहा, हम भाजपा का मुकाबला करने को तैयार हैं, लेकिन इस बारे में हमारा नजरिया रणनीतिक रूप से अलग हो सकता है।

## संसद का शीतकालीन सत्र : मणिपुर और संभल हिंसा पर चर्चा की मांग को लेकर हंगामा


### कांग्रेस सांसद सभापति से बोले- सर आपके बगैर पत्ता भी नहीं हिल सकता

**नई दिल्ली**

संसद सत्र में कानून बनते हैं, उस पर चर्चा होती है और भविष्य की नीतियां बनाई जाती हैं। संसद के शीतकालीन सत्र अब तक अनप्रोडक्टिव ही रहा है। विपक्ष के हंगामे की वजह से लोकसभा और राज्यसभा में कामकाज नहीं हो पाया। मणिपुर और संभल जैसे मुद्दों पर विपक्ष हंगामा कर रहा है। गुरुवार को भी संसद की कार्यवाही शुरू होते ही स्थगित हो गई।

कुछ देर में ही राज्यसभा में एक अलग नजारा दिखा। राज्यसभा में एक मामले पर विपक्ष बहस की मांग कर रहा था, जिस पर राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने प्रमोद तिवारी को एक सलाह दी। राज्यसभा में गुरुवार को जैसे ही संसद की कार्यवाही शुरू हुई। कार्यवाही शुरू होते ही कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी अपनी सीट से उठे और एक खास मुद्दे पर बहस की मांग करने लगे।

प्रमोद तिवारी ने सभापति की ओर इशारा करते हुए कहा कि सर आपके बिना तो पत्ता भी नहीं हिल सकता है। इस पर ही सभापति जगदीप धनखड़ ने उन्हें टोका और कहा कि यह बात आप जयराम रमेश जी को बताइए। वह मेरे भी बहुत अच्छे दोस्त हैं। बिना सभापति की सहमति के नहीं होता है। मैं भी वह सहमति देने के लिए तत्पर हूं लेकिन कुछ नियम हैं। इसके बाद फिर प्रमोद तिवारी ने कहा कि सर, इसके लिए ही मैं खड़ा



हुआ हूं और मुझे उम्मीद है कि आप मुझे ये परमिशन दे देंगे। इस पर सभापति धनखड़ रूल बूक पलटने लगे और नियम बताने लगे। इस दौरान संसद में ठहाके भी लगे। जब यह बातचीत हो रही थी, तब विपक्ष हंगामा कर रहा था। हंगामा इतना हुआ कि राज्यसभा की कार्यवाही फिर से स्थगित कर दी गई। सभापति ने 12 बजे तक राज्यसभा की कार्यवाही को स्थगित कर दिया था। दरअसल, संसद का शीतकालीन सत्र 25 नवंबर को शुरू हुआ था। अभी तक राज्यसभा और लोकसभा कामकाज बाधित ही रहा है। विपक्ष लगातार हंगामा कर रहा है। इसके चलते दोनों सदनों को दिनभर के लिए स्थगित कर दिया गया था। मणिपुर अशांति और संभल हिंसा सहित कई मुद्दों पर सांसदों ने हंगामा किया। 75वें संविधान दिवस के दूसरे दिन संसद में कामकाज नहीं हुआ था। तीसरे दिन बुधवार को भी दोनों सदन एक घंटे के अंदर ही स्थगित कर दिए गए। आज गुरुवार को भी कुछ ऐसे ही नजारा देखने को मिला।

## आज महाराष्ट्र को मिलेगा मुख्यमंत्री, दिल्ली दरबार में होना है फैसला

**नई दिल्ली**

महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री पद को लेकर हो रही खींचतान कम होती नजर नहीं आ रही है। यही वजह है कि यह मामला मुंबई से दिल्ली पहुंच गया है। सूत्रों के मुताबिक देवेंद्र फडणवीस एक बार फिर से मुख्यमंत्री बनाए जा सकते हैं। कल एकनाथ शिंदे ने एलान कर दिया था कि बीजेपी जिसे भी सीएम बनाना चाहे, शिवसेना उसका समर्थन करेगी। शिंदे ने साफ कर दिया कि उन्हें पीएम मोदी और अमित शाह का हर फैसला मंजूर होगा।

आज गुरुवार शाम अमित शाह फिर से दिल्ली में बैठक करने जा रहे हैं। इस बैठक में कार्यवाहक सीएम शिंदे, बीजेपी नेता देवेंद्र फडणवीस और एनसीपी प्रमुख अजित पवार तीनों मौजूद रहेंगे। उम्मीद की जा रही है कि शाह की बैठक के बाद सीएम के नाम का एलान हो जाएगा। केंद्रीय नेतृत्व को महाराष्ट्र



में गैर-मराठा मुख्यमंत्री बनाए जाने पर मराठा समुदाय के नाराज होने की चिंता है। इसलिए, इस बात पर चर्चा हुई कि अगर राज्य में फिर से देवेंद्र फडणवीस को मुख्यमंत्री बनाया जाता है तो मराठा वोटों को किस तरह बरकरार रखा जाए। सूत्रों के हवाले से खबर महाराष्ट्र के कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे आज शाम 4 बजे दिल्ली पहुचेंगे। गृह मंत्री अमित शाह के साथ महायुति के नेताओ की मुख्यमंत्री को लेकर 5:30 बजे बैठक है। शिंदे द्वारा खुद को सीएम पद की रेस से बाहर कर लेने से देवेंद्र फडणवीस रेस में आगे हो गए हैं। हालांकि अगला सीएम कौन होगा बैठकों का दौर खत्म होने के बाद ही पता चल सकेगा। इससे पहले बुधवार रात को नए मुख्यमंत्री के नाम के ऐलान के लिए दिल्ली में गृहमंत्री अमित शाह और पार्टी महासचिव विनोद तावड़े के बीच एक अहम बैठक हुई।

एक तरफ एनसीपी के नेता प्रफुल्ल पटेल और सुनील तटकरे ने दिल्ली में अमित शाह से मुलाकात की तो वहीं एनसीपी नेता छगन भुजबल और गिरीश महाजन ने मुंबई देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात की। इन सबके बीच खबर है कि अब सीएम की कुर्सी से लेकर मंत्रालय को लेकर भी रोडमैप तैयार किया जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक महायुति सरकार में बीजेपी को 20, शिवसेना को 11-12 और एनसीपी को 10 मंत्रिपद मिल सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रियंका गांधी ने ली शपथ, हंगामें के चलते सदन के दोनों सदन स्थगित

**नई दिल्ली**

वायनाड से रिकॉर्ड मतों से जीतीं प्रियंका गांधी वाड्रा ने सांसद के तौर पर आज गुरुवार को संसद में शपथ ग्रहण कर ली है। इस दौरान उन्होंने अपने हाथ में संविधान की कॉपी ली हुई थी। प्रियंका के साथ ही नांदेड़ लोकसभा सीट से उपचुनाव जीतने वाले रविंद्र चव्हाण ने भी शपथ ली। उपचुनाव में निर्वाचित दो सदस्यों के शपथ लेने के साथ ही संसद के शीतकालीन सत्र का यह तीसरा दिन है, जबकि हंगामें के चलते कुच्छ देर के लिए राज्यसभा और लोकसभा की कार्यवाही को स्थगित कर दिया गया। इससे पहले प्रियंका गांधी पहली बार संसद पहुंचीं और उन्होंने लोकसभा में सांसद पद की शपथ ली। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता अपने भाई राहुल गांधी की ही तरह उन्होंने भी शपथ ग्रहण के वक्त संविधान की कॉपी अपने हाथ में ले रखी थी। प्रियंका, राज्यसभा सदस्य और अपनी मां सोनिया गांधी और राहुली गांधी के साथ ही संसद भवन पहुंचीं थीं। इस बीच उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए मीडिया से बात की। केरल के वायनाड लोकसभा सीट पर हुए उपचुनाव में प्रियंका गांधी ने रिकॉर्ड जीत दर्ज कराई है।

### बीजेपी के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष की दौड़ में शिवराज सिंह चौहान, डॉ सरोज पांडेय और देवेंद्र फडणवीस

**नई दिल्ली**

बीजेपी की ओर से नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के चयन को लेकर कवायद तेज हो गई है। दिल्ली मुख्यालय में नए राष्ट्रीय अध्यक्ष को लेकर लगातार बैठकों का दौर जारी है। इन बैठकों पर पीएम मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ समेत कई दिग्गज नेता नजर रखे हुए हैं।

बीजेपी के नए अध्यक्ष की जिम्मेदारी के लिए शिवराज सिंह चौहान, डॉ सरोज पांडेय और देवेंद्र फडणवीस का नाम भी चल रहा है। सूत्रों ने बताया कि बीजेपी अध्यक्ष का नाम तय करने के लिए पीएम मोदी, अमित शाह और आरएसएस के नेताओं के बीच बैठक के बाद ये तीन नाम सामने आए हैं।

राजनीतिक जानकारों का कहना है कि शिवराज सिंह चौहान बीजेपी के दिग्गज नेता हैं। पार्टी के अंदर उनकी अच्छी साख है। ऐसे में वह प्रबल दावेदार हैं। उधर देवेंद्र फडणवीस बीजेपी के युवा चेहरे हैं। महाराष्ट्र जीत के बाद बीजेपी फडणवीस को भी राष्ट्रीय अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपने को लेकर पार्टी मंथन कर रही है। फडणवीस को पीएम मोदी और अमित शाह का भी करीबी माना जाता है। वहीं बीजेपी इस बार चौंकाने वाला फैसला करते हुए बीजेपी की कद्दावर महिला नेता डॉ सरोज पाण्डेय को भी अध्यक्ष पद पर बैठा सकती है। उधर राजनीतिक गलियारों में ऐसी चर्चा भी है कि बीजेपी का नया अध्यक्ष दक्षिण भारत से हो सकता है, क्योंकि इस समय बीजेपी के अहम पदों में से किसी भी पद पर दक्षिण भारत का नेता नहीं है।

### बांग्लादेश हाईकोर्ट से इस्कॉन को मिली बड़ी राहत, बैन लगाने से इंकार

**ढाका**

बांग्लादेश हाईकोर्ट ने इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉन्शियसनेस (इस्कॉन) पर बैन लगाने की मांग वाली याचिका को खारिज किया है। अदालत ने याचिका को अस्वीकार करते हुए कहा कि धार्मिक संस्थाओं के अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करना संविधान के तहत अनिवार्य है। हाल ही में, एक याचिका दायर की गई थी जिसमें इस्कान पर प्रतिबंध लगाने की मांग हुई थी। याचिककर्ता ने इॅस्कान पर बांग्लादेश के सांप्रदायिक सौहार्द्र को खराब करने का आरोप लगाया था। हालांकि, हाईकोर्ट ने सुनवाई के दौरान पाया कि याचिका में दिए गए आरोप तथ्यहीन और संगठन के खिलाफ दुर्भावनापूर्ण थे। दरअसल बांग्लादेश में सुप्रीम कोर्ट के वकील मोनिरुज्जमां ने जस्टिस फराह महबूब और जस्टिस देबाशीष रॉय चौधरी की पीठ के सामने इस्कॉन पर प्रतिबंध लगाने की मांग वाली अर्जी दायर की थी। उन्होंने चटगांव और रंगपुर में आपातकाल घोषित करने की भी अपील की थी। सुनवाई की शुरूआत में अटॉर्नी जनरल की ओर से डिप्टी अटॉर्नी जनरल असदउद्दीन ने अंतरिम सरकार की ओर से उठाए गए कदमों की जानकारी अदालत को दी। उन्होंने कोर्ट से कहा कि घटना पर सरकार का रुख सख्त है। अब तक तीन मामले आए हैं, एक में 13 लोग, एक में 14 लोग और दूसरे में 49 लोगों को आरोपी बनाया गया है।

## संपादकीय

### कट्टरता का बांग्लादेश

बांग्लादेश में हसीना सरकार के पतन और उनके भारत में शरण लेने के बाद अल्पसंख्यकों, खासकर हिंदुओं पर जिस तरह लगातार हमले हो रहे हैं, इस्कॉन से जुड़े धर्मगुरु चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी उसकी अगली कड़ी है। दास की जमानत याचिका खारिज होने के बाद उनके वकील की निर्मम हत्या असहिष्णुता की पराकाष्ठा को ही दर्शाती है। इससे अंदाज लगाया जा सकता है कि वहां अल्पसंख्यक किन भयावह स्थितियों का सामना कर रहे हैं। इतना ही नहीं धर्मगुरु चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी का विरोध कर रहे लोगों पर हमले तक किए गए। बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के अधिकारों के पैरोकार दास को कथित रूप से बांग्लादेशी झंडे का अपमान करने तथा राजद्रोह के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। उनकी गिरफ्तारी और जमानत न दिए जाने के कारण बांग्लादेश और सीमा पार भारत में व्यापक विरोध प्रदर्शन हुए हैं। दरअसल, इस अशांति का संदर्भ लगातार अल्पसंख्यक उत्पीड़न के पैटर्न में निहित हैं। बांग्लादेश के संवैधानिक आश्वासन के बावजूद वहां के हिंदू, जो कि आबादी का लगभग नौ फीसदी हैं, लगातार हिंसा, बर्बरता और सामाजिक उत्पीड़न का शिकार हो रहे हैं। वहां हिंदुओं के घरों व मंदिरों पर भीड़ पर हमलों की खबरें चिंता बढ़ाने वाली हैं। जिसमें हसीना सरकार के पतन के बाद खासी तेजी आई है। आधिकारिक रूप से इस्लामिक धर्म वाले इस देश में यह स्थिति अल्पसंख्यकों की व्यापक असुरक्षा को दशार्ती है। अल्पसंख्यक संगठनों द्वारा सुरक्षा की गुहार लगाये जाने के बाद विश्वास बहाली की जिम्मेदारी कार्यवाहक सरकार पर है। जिसका दायित्व बनता है कि उत्पीड़न के शिकार लोगों को न्याय दिलाने के लिये विशेष न्यायाधिकरण के जरिये यथाशीघ्र कार्रवाई करे। यदि समय रहते ऐसा नहीं होता तो अशांति के बढ़ने का खतरा बना रहेगा। मौजूदा घटनाचक्र से बांग्लादेश की प्रगतिशील लोकतंत्र की छवि कमजोर हुई है। निस्संदेह, वहां सभी अल्पसंख्यकों के लिये शांति और सुरक्षा एक जीवंत वास्तविकता होनी चाहिए। ढाका सरकार को छात्र आंदोलन के जरिये हुए राजनीतिक परिवर्तन के बाद पनप रही कट्टरता पर अंकुश लगाना चाहिए। बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के लगातार उत्पीड़न के विरोध में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तीखी प्रतिक्रियाएं गाहे-बगाहे आती रही हैं। पिछले दिनों अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के दौरान राष्ट्रपति पद के प्रत्याशी डोनाल्ड ट्रंप ने बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा पर गंभीर चिंता जतायी थी। यहां तक कि ट्रांसपेरंसी इंटरनेशनल ने भी अपनी हालिया रिपोर्ट में बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के दौरान अल्पसंख्यकों पर बढ़े हमलों को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की है। रिपोर्ट में हसीना सरकार के पतन के बाद के एक पखवाड़े में अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा के दो हजार से अधिक मामलों का जिक्र किया गया है। रिपोर्ट इस बात पर भी चिंता जताती है कि ऐसे मामलों में अपराधियों की पहचान होने के बावजूद उन्हें दंडित नहीं किया गया। बल्कि इसके बहाने राजनीतिक विरोधियों को ही निशाना बनाया गया। ऐसी हिंसा के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र की तरफ से भी तल्ख प्रतिक्रिया दर्ज की गई है। यह विडंबना ही है कि जिस बांग्लादेश की स्थापना भारत के त्याग व बलिदान के चलते एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र के रूप में हुई थी, आज वहां यूनस सरकार उन मूल्यों को ताक पर रख रही है। भारत सरकार के विरोध के बावजूद यूनस सरकार किसी भी तरह से अल्पसंख्यकों की सुरक्षा की गारंटी देने को तैयार नहीं है। बांग्लादेश का इतिहास बताता है कि जब-जब सेना के हाथ में सत्ता की बागडोर आई है, तो कट्टरपंथियों को संरक्षण मिला है। ऐसे में फौज द्वारा गठित अंतरिम सरकार से इस दिशा में किसी बड़ी पहल की उम्मीद करना बेमाने ही होगा। भारत सरकार को राजनीतिक व कूटनीतिक प्रयासों से अंतरिम सरकार पर दबाव बनाना होगा ताकि वह अल्पसंख्यकों की सुरक्षा का आश्वासन दे। तभी कट्टरपंथियों की निरंतर जारी हिंसा पर अंकुश लगाने की उम्मीद की जा सकती है। इसके साथ ही पाक समर्थित कट्टरपंथी संगठनों पर भी नियंत्रण करने के लिये दबाव बनाने की जरूरत है।

## (चिंतन-मनन)

### धन का भार

पाटलिपुत्र में नाभिकुमार की गिनती सबसे संपन्न लोगों में होती थी। लेकिन अपार धन-संपत्ति होते हुए भी उन्होंने कभी दान नहीं दिया था। कई लोगों ने उन्हें इस बारे में कहा था पर उन्होंने ध्यान नहीं दिया। एक रात उनके घर चोर ने सेंध लगाई। उसने सावधानी से घर का कीमती सामान एकत्र किया और उसकी एक बड़ी पोटली बनाई। पोटली सिर पर रखते ही वह गिर गई और आवाज होते ही नाभिकुमार की आंखें खुल गईं।

ह चोर के पास आए और पोटली उठाने में उसकी मदद करने लगे। चोर को डर से कांपते हुए देखकर नाभिकुमार ने उससे कहा-डरो मत, तुम यह सब ले जा सकते हो। मगर तुम भी मेरे ही जैसे लगते हो। मैंने भी अपने जमा धन से किसी और के लिए कुछ नहीं निकाला। इसलिए मेरा धन भी मुझ पर भार की तरह है। अगर तुम भी मेरी तरह नहीं करते और पोटली में से थोड़ा सामान निकाल लिए होते तो तुम्हारे लिए इसे उठाना आसान हो जाता। खैर, तुम अब यह सामान ले जा सकते हो। चोर यह सुनकर दंग रह गया।

उसने प्रायश्चित करने के उद्देश्य से कहा- आप यह सब वापस ले लीजिए और मुझे क्षमा कीजिए।

# जीवन को असमय काल का ग्रास बनाते जहरीले वायु प्रदूषण से मुक्ति कब!

–दीपक कुमार त्यागी–

पिछले कुछ वर्षों से सर्दियों के मौसम की शुरूआत के साथ ही देश के विभिन्न शहरों में जहरीला वायु प्रदूषण अपना रंग दिखाने लगता है। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी दीपावली के बाद एकबार फिर से दिल्ली-एनसीआर के क्षेत्र में जहरीले वायु प्रदूषण के धुंध की मोटी परत छा गई है। एकबार फिर से यह पूरा क्षेत्र जहरीले वायु प्रदूषण के चलते तेजी से गैस चैंबर में बदलता जा रहा है। जिसको रोकने के लिए सर्वोच्च न्यायालय ने इस क्षेत्र में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ॠक्ष्अढ) की स्टेज - 4 को सख्ती से लागू करने के आदेश दिये हैं। लेकिन अफसोस की बात यह है कि सिस्टम में व्याप्त भ्रष्टाचार के चलते धरातल पर हॉट स्पॉट की निगरानी अब भी नहीं हो रही है। ग्रेप का चौथा चरण लागू होने के बाद भी वायु प्रदूषण पर लगाम लगाने के लिए धरातल पर किसी दूरगामी ठोस कार्ययोजना का क्रियान्वयन होता हुआ नजर नहीं आ रहा है। जहरीले वायु प्रदूषण के कारणों को जानने के बाद भी सिस्टम उनका स्थाई निदान नहीं कर रहा है। अब भी लोग बेखौफ होकर के ग्रेप - 4 की पाबंदियों को ठेंगा दिखाकर प्रतिबंधित काम निरंतर कर रहे हैं, बहुत सारे लोगों ने अभी भी निर्माण कार्य व तोड़फोड़ का कार्य जारी करवा रखा है। लोग अब भी निर्माण कार्य के लिए खुले में ही निर्माण सामग्री डाल रहे हैं। सरकारी तंत्र की लापरवाही से टूटी हुई सड़कों पर धूल का गुब्बार उठाते हुए वाहन चलने के लिए मजबूर हैं। कुछ फैक्ट्रियों की चिमनी से अब भी बेखौफ होकर के धूंआ निकल रहा है। अब भी लोग बेखौफ होकर के डीजल जनरेटर चला रहे हैं। ढाबे, रेस्टोरेंट, फार्महाउस व बैंकेट हॉल आदि में खुलेआम तंदूर चला रहे हैं। कुछ लोग कूड़े का उचित निस्तारण ना करके सड़क किनारे खुलेआम कूड़ा जला रहे हैं। सड़कों पर वाहन अपनी मियाद समाप्त होने का बाद भी चल रहे हैं। कुछ प्रतिबंधित वाहन बैखौफ होकर चल रहे हैं। जिस लापरवाही पूर्ण स्थिति के चलते हुए एकबार फिर से वायु प्रदूषण से दिल्ली-एनसीआर में स्थिति बेहद गंभीर बनती जा रही है। हालांकि इस पूरे क्षेत्र में जल, थल व नभ तरह-तरह के प्रदूषण से जूझ रहे हैं। लोगों के पास पीने के लिए ना तो स्वच्छ पेयजल है, ना ही सांस लेने के लिए स्वच्छ वायु है, ना ही लोगों के पास खाने के लिए स्वच्छ गुणवत्ता पूर्ण शुद्ध आहार उपलब्ध है, वहीं इस क्षेत्र में रही-सही कसर समय-समय पर कानफोड़ू ध्वनि प्रदूषण पूरी कर देता है। लेकिन चिंता जनक बात यह है कि पिछले वर्ष भी जहरीले वायु प्रदूषण के चलते नवंबर माह के शुरूआती दिनों में ही यह पूरा क्षेत्र भयावह रूप से जहरीले गैसों के चैंबर में तब्दील हो गया था, फिर भी स्थिति जस की तस बनी हुई है। इस क्षेत्र में जहरीले वायु के प्रदूषण के नियंत्रण के नाम पर दिल्ली, पंजाब, हरियाणा व उत्तर प्रदेश आदि राज्य एक दूसरे को जिम्मेदार ठहरा कर के अपने कर्तव्यों की कागजी खानापूर्ति हर वर्ष बखूबी से कर लेते हैं। पिछले वर्ष भी वायु प्रदूषण के इस मसले पर सर्वोच्च न्यायालय ने संज्ञान लिया और न्यायालय की सख्त फटकार के बाद राज्य सरकारों का सिस्टम फाइलों से निकल करके वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए धरातल पर कुछ सक्रिय हुआ था, लेकिन इस वर्ष लोगों को उम्मीद थी कि पिछले वर्ष की न्यायालय की जबरदस्त फटकार का धरातल पर कुछ तो असर हुआ होगा, इस क्षेत्र के लोगों के अनमोल जीवन को वायु प्रदूषण से बचाने के लिए कुछ तो ठोस कार्य धरातल पर बीते एक वर्ष में संपन्न हुए होंगे, लेकिन अफसोस की बात यह है कि इस वर्ष भी जहरीले वायु प्रदूषण की स्थिति वहीं बनी हुई है, जहरीले वायु प्रदूषण के चलते इस क्षेत्र के लोगों की सांसों पर भयावह आपातकाल लगा हुआ है। अस्पतालों में वायु प्रदूषण के दुष्प्रभाव से जनित रोगों से पीड़ित रोगियों की बाढ़ आई हुई है, लोग असमय काल का ग्रास बन रहे हैं और देश व राज्यों के कर्ताधर्ता इसके लिए जिम्मेदार सिस्टम को समय रहते सख्ती से दिशा-निर्देश देने की जगह उसको भगवान भरोसे छोड़कर के चुनावों में विजय हासिल करने के प्रयासों में मस्त हैं। मेरा अपनी इन चंद पंक्तियों के माध्यम से सरकार व सिस्टम से विनम्र निवेदन है कि -जीवन के लिए स्वच्छ हवा पाना हर जीव-जंतु व नागरिक का है अधिकार, निरोगी जीवन जीने के लिए कम से कम स्वच्छ सांसें तो दे दो सरकार। । इस वर्ष भी पूरे क्षेत्र में दिपावली पर सर्वोच्च न्यायालय के पटाखे बेचने व छोड़ने पर रोक होने के आदेश के बावजूद भी सिस्टम के मूकदर्शक बने रहने के चलते ही जमकर के पटाखे बेचने व छोड़ने का काम हुआ। लोगों की नादानी ने अपने आप ही जहरीले वायु प्रदूषण को न्योता देने का कार्य बखूबी किया था। जिसके चलते दीपावली के बाद एकबार फिर से दिल्ली-एनसीआर के क्षेत्र में वायु प्रदूषण का स्तर बहुत तेजी से खराब हो गया है। वायु प्रदूषण को दशार्ने वाला एक्यूआई का इंडेक्स 500-600 तक पहुंचकर के दिल्ली-एनसीआर में लोगों के जीवन को तरह-तरह के रोगों से ग्रस्त करके लीलने का कार्य कर रहा है। अगर समय रहते इस वर्ष भी सर्वोच्च न्यायालय सख्ती ना दिखाएं तो पिछले वर्ष की तरह ही इस वर्ष भी एक्यूआई अपने ही पुराने रिकॉर्ड को ध्वस्त करने में व्यस्त नजर आता। हालांकि इस वर्ष तो इस क्षेत्र की जनता पराली जलाने के मौसम से पहले व दीपावली के पहले से ही वायु प्रदूषण से बार-बार परेशान हो रही थी, फिर भी हमारे सिस्टम ने सर्दियों में गंभीर वायु प्रदूषण ना हो उसके लिए कोई ठोस तैयारी धरातल पर नहीं की है, जिसका परिणाम अब एकबार फिर से दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र गैस चैंबर बनने के रूप में सबके सामने है। आज विचारणीय तथ्य यह है कि पिछले कुछ वर्षों से बढ़ते हुए वायु प्रदूषण ने दिल्ली-एनसीआर के क्षेत्र को बार-बार गैस चैंबर बनाकर के रख दिया है, जो स्थिति लोगों व जीव-जंतुओं आदि सभी के जीवन के लिए बेहद घातक है। अब तो वायु प्रदूषण लोगों का अनमोल जीवन लीलने लग गया है। इस क्षेत्र में वायु प्रदूषण की इस भयावह स्थिति पर चिकित्सक कहते हैं कि - दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण के चलते अब बेहद गंभीर प्रकृति की स्वास्थ्य समस्याओं का जबरदस्त जोखिम बना हुआ है। वायु प्रदूषण के चलते अब बच्चे, नौजवान, बुजुर्गों में तरह-तरह की स्वास्थ्य समस्याएं स्पष्ट नजर आने लग गयी हैं। लोगों में सिरदर्द, चिंता, चिड़चिड़ापन, सांस संबंधी समस्याएं तेजी से काफी बढ़ गई हैं। लोगों की आंखों में तेज जलन, आंखों से पानी बहना, सांस लेने की दिक्कत व सांस फूलने की दिक्कत आदि की समस्याएं आम होती जा रही हैं। अगर वायु प्रदूषण की यह स्थिति जल्द नहीं सुधरी तो सांसों पर लगा यह आपातकाल आने वाले दिनों में लोगों के लिए बेहद ही खतरनाक साबित हो सकता है, लोगों को गंभीर प्रकृति के वायु प्रदूषण की वजह से तरह-तरह की स्वास्थ्य समस्या का सामना करना पड़ सकता है, अस्थमा, काला दमा, रक्तचाप, कोलेस्ट्रॉल, हृदय रोग, लोगों का मानसिक स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है, लोगों में बेचैनी की समस्या बढ़ सकती है, लोगों को गंभीर तंत्रिका तंत्र की समस्याओं से जूझना पड़ सकता हैं। जिस तरह से लोगों के बीच सांस संबंधित रोग तेजी से बढ़ रहे हैं, फेफड़ों का कैंसर तेजी से बढ़ता जा रहा है, तरह-तरह के गंभीर रोग लोगों के बीच तेजी से पैर पसार रहे हैं, उस स्थिति के लिए कहीं ना कहीं यह वायु प्रदूषण भी जिम्मेदार है। लेकिन अफसोस हम और हमारा सिस्टम अब भी तमाशबीन बनकर के केवल तमाशा देख रहे हैं, वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए कारगर रणनीति बनाकर के उसको धरातल पर अमलीजामा पहनाने में ना नुकर कर रहे है। चिंताजनक बात यह है कि जहरीले वायु प्रदूषण के इस तरह के हाल पर शिकागो विश्वविद्यालय के एनर्जी पॉलिसी इंस्टीट्यूट द्वारा संकलित किये गये आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली के लोग जिस खराब गुणवत्ता वाली वायु में सांस लेते हैं,

## परम पूज्य गुरुदेव साकेतवासी महामंडलेश्वर श्री रामकुमार दास महाराज की तृतीय पवन पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ के समापन के अवसर पर एक विशाल संत समागम आयोजित किया गया

**हरिद्वार,** श्री अयोध्या धाम भूपतवाला में परम पूज्य गुरुदेव साकेतवासी महामंडलेश्वर श्री रामकुमार दास महाराज की तृतीय पवन पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ के समापन के अवसर पर एक विशाल संत समागम आयोजित किया गया इस अवसर पर बोलते हुए आश्रम के श्री महंत 1008 श्री गंगेश्वरानंद महाराज ने कहा परम पूज्य गुरुदेव साकेतवासी महामंडलेश्वर रामकुमार दास महाराज इस पृथ्वी लोक पर तीर्थ के सामान पावन और मा गंगा के समान पवित्र ज्ञान देने वाले तपोमूर्ति संत थे जो सदैव दिये गये ज्ञान और संस्कारों के रूप में सदैव हम लोग के बीच हमारे स्मृति पटल पर बने रहेंगे इस पृथ्वी लोक पर पूज्य गुरुदेव ज्ञान का एक अखंड सूर्य थे एक ज्ञान मूर्ति तपो मूर्ति संत के रूप में सदैव याद किये जाते रहेंगे इस अवसर पर बोलते हुए महंत कमलेशानन्द सरस्वती महाराज ने कहा संत महापुरुषों का जीवन समाज को समर्पित होता है संतो द्वारा जो भी कार्य किये जाते हैं उनमें जगत कल्याण की भावना निहित होती है सतगुरु ज्ञान के दाता होते हैं इस पृथ्वी लोक पर ईश्वर के प्रतिनिधि के रूप में भक्तों का मार्गदर्शन करते हुए उन्हें सत्य की राह दिखातेहै महंत रघुवीर दास महाराज ने कहा सतगुरु के पावनख वचन और सतगुरु की वाणी मनुष्य के जीवन का उद्धार कर देते है इस अवसर पर बोलते हुए महंत राजकुमार दास महाराज ने कहा परम पूज्य गुरुदेव महामंडलेश्वर रामकुमार दास जी महाराज ज्ञान का एक विशाल सागर थे उनका ज्ञान भक्तों के बीच सदैव उनके स्मृति पटल पर बना रहेगा और पूज्य गुरुदेव हमारे विचारों और संस्कारों में दिये गयेज्ञान के रूप में सदैव अमर रहेंगे संत देह का त्याग अवश्य करते हैं किंतु कभी मरते नहीं अपने दिये गये ज्ञान और की गई तपस्या के बल पर उनका तपोबल अखंड ज्योति के रूप में भक्तजनों के बीच सदैव जगमगाता रहता है कथा व्यास आचार्य अरुण शुक्ला ने कहा सतगुरु के द्वारा दिया गया ज्ञान और श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ जैसी पावन कथा का श्रवण करने का तात्पर्य है की आपने अपने लोक और परलोक दोनों सुधार लिए जो भक्त सच्चे मन से श्रीमद् भागवत जैसी पावन कथा का आयोजन कराता है उसके पितरों को मोक्ष की प्राप्ति होती है और आयोजन करने वाले भक्त के जीवन में सुख शांति समृद्धि और वैभव की वर्षा होती है इस अवसर पर बोलते हुए श्री



गणेश दास महाराज ने कहा सतगुरु की पावन शरण मनुष्य के भाग्य का उदय कर देती है धर्म कर्म पूजा पाठ दान सत्य कर्म गरीब दरिद्र नारायण सेवा उसे हजारों तीर्थ की यात्रा का फल प्रदान करते हैं गुरु इस पृथ्वी पर तीर्थ के सामान तीर्थ के दर्शन करने के लिए आपको स्वयं चल कर जाना पड़ता है किंतु एक गुरु साधु संत तपस्वी ऋषि मुनि के रूप में आपको कभी भी कहीं भी एक तीर्थ रूपी संत के दर्शन हो सकते हैं संत के दर्शन किसी भी रूप में हो पुनीत तथा फल प्रदानकरी होते हैं इस अवसर पर महंत कमलेशानन्द सरस्वती महाराज महंत सूरदास महाराज महामंडलेश्वर ललितानंद महाराज महामंडलेश्वर चिदविलासनंद महाराज कोठारी प्रेमदास महाराज स्वामी बालकानंद महाराज महंत कैलाशानन्द महंतड प्रेमदास महाराज महंत मस्त गिरी महाराज महामंडलेश्वर हरि चेतनानंद महाराज भैया दास महाराज महंत रामानंद दास महाराज महंत राजकुमार दास महाराज महंत राज बिहारी दास महाराज स्वामी वैष्णव दास महाराज उमेश्वरानंद महाराज महंत रामचरण दास महाराज महंत मुरारी दास महाराज महंत धनेश्वर दास महाराज संत धर्मेंद्र दास महाराज महंत सुखदेव महाराज महंत राकेश दास महाराज महंत अमीर गिरी महाराज महंत कोठारी प्रकाशानंद महाराज घनश्याम दास दुबे श्री रामानुज दास श्री राजेश्वर दास संत इंद्रजीत सिंह शास्त्री श्री गणेश दास महाराज राजेश्वर दास महाराज आदर्श अरुण शुक्ला अभिषेक नितेश महंत प्रेमदास महाराज गंगा दास महाराज कोतवाल निर्वाण कमल मुनि महाराज रामदास महाराज रमेशानंद महाराज धर्मदास महाराज परवीन कश्यप ठाकुर मनोजानन्द सहित अनेकों भारी संख्या में और भी संत महापुरुष उपस्थित थे

## अतुल महेश्वरी ने अपने जन्मदिन के अवसर पर संत महापुरुषों के बीच पहुंच कर उनका आशीर्वाद प्राप्त कर अपना 51 वां जन्म दिवस बड़े ही धूमधाम हर्षोल्लास के साथ मनाया



**हरिद्वार,** हरिद्वार प्राचीन श्री अवधूत मंडल आश्रम मे सहारनपुर से आये भाजपा के जिला उपाध्यक्ष श्री अतुल महेश्वरी ने अपने जन्मदिन के अवसर पर संत महापुरुषों के बीच पहुंच कर उनका आशीर्वाद प्राप्त कर अपना 51 वां जन्म दिवस बड़े ही धूमधाम हर्षोल्लास के साथ मनाया इस अवसर पर बोलते हुए श्री गंगा भक्ति आश्रम के परमाध्यक्ष श्री महंत कमलेशानन्द सरस्वती महाराज ने कहा ऐसे लोग बड़े ही बडभागी होते हैं जो गुरु चरणों में अपना तन मन समर्पित कर सेवा में लीन रहते हैं इतना ही नहीं श्री अतुल महेश्वरी ने संत महापुरुषों के बीच अपने परिजनों के साथ आकर बड़ी ही सादगी के साथ जन्मदिन मनाया इसके लिए वह साधुवाद के पात्र है भगवान से तथा मां गंगा से प्रार्थना है कि उन्हे दीघार्यु प्रदान करने के साथ-साथ उन पर अपनी कृपा दृष्टि सदैव बनाये रखें इस अवसर पर महंत विनोद महाराज महामंडलेश्वर रूपेंद्र प्रकाश महंत कृष्णा मुनी महाराज कोतवाल निर्वाण कमल मुनि महाराज देहरादून बाबा रमेशानन्द महाराज सहित भारी संख्या में संत महापुरुष उपस्थित थे सभी ने आयोजित भंडारे में भोजन प्रसाद ग्रहण किया इस अवसर पर श्री अतुल महेश्वरी की माता आशा महेश्वरी धर्मपत्नी अनु महेश्वरी श्री कृष्ण गोपाल श्री अरुण देव प्रधान श्री अजय गर्ग सहित बहुत से गणमान्य लोग उपस्थित थे

# हरिद्वार जिले के समस्त सीएलएफ पदाधिकारियों का ग्रामोत्थान परियोजना द्वारा अल्मोड़ा जिले में शैक्षिक भ्रमण सम्पन्न

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

हरिद्वार जिले की समस्त संकुल स्तरीय सहकारिताओं (उछत्रक्ष्) के पदाधिकारियों के लिए मुख्य विकास अधिकारी महोदया के निर्देशन में तीन दिवसीय शैक्षिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस भ्रमण का उद्देश्य हरिद्वार जिले की सीएलएफ को और अधिक सशक्त बनाना तथा अल्मोड़ा जिले में संचालित संकुल स्तरीय सहकारिताओं की उत्कृष्ट कार्यशैली और सर्वोत्तम प्रथाओं का अध्ययन कर उन्हें हरिद्वार में लागू करना था। इस भ्रमण का आयोजन जिला परियोजना प्रबंधक (डीपीएम), ग्रामोत्थान परियोजना की देखरेख और सहायक प्रबंधक (वैल्यू चेन) के साथ किया गया।

**भ्रमण का अवलोकन:-**

अल्मोड़ा जिले के मंगलाता गांव स्थित नारी शक्ति सीएलएफ और हवालबाग स्थित विकास सीएलएफ का दौरा किया गया। यहां के कार्यों का अवलोकन करते हुए विजिट टीम ने विभिन्न गतिविधियों और उत्पादों को देखा।

**1. नारी शक्ति सीएलएफ, मंगलाता:-**

इस सीएलएफ में मसाले बनाने की यूनिट का भ्रमण किया गया। यहां टीम ने मसाले बनाने की पूरी प्रक्रिया का अवलोकन किया और महिलाओं से बातचीत की। महिलाओं ने बताया कि वे अपने काम को किस प्रकार कुशलता से प्रबंधित कर रही हैं और उनका काम कैसे



उनके परिवारों की आय में योगदान दे रहा है।

**2. विकास सीएलएफ, हवालबाग:-**

इस सीएलएफ में बेकरी और आचार बनाने की यूनिट का निरीक्षण किया गया। टीम ने उत्पाद निर्माण की प्रक्रिया, प्रबंधन और उनके मार्केटिंग मॉडल को समझा। महिलाओं ने अपनी सफलता और चुनौतियों को साझा किया, जिससे टीम ने यह जाना कि उनकी सीएलएफ लाभ में कैसे है और उन्हें किस प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

**नई तकनीकों का प्रदर्शन और संवाद:-**

भ्रमण के दौरान विजिट टीम को मसाले, बेकरी, और आचार निर्माण में उपयोग होने वाली नवीनतम तकनीकों से परिचित कराया गया। इन तकनीकों के उपयोग से उत्पादों की गुणवत्ता और उनकी पैकेजिंग बेहतर हो रही है। महिलाओं ने बताया कि इन उपकरणों के उपयोग से उनका काम तेज और अधिक कुशल हो गया है।

महिलाओं के साथ संवाद के दौरान टीम ने यह जाना कि इन तकनीकों को अपनाने से उनके उत्पादों की मांग बढ़ी है और उनके व्यवसाय को अधिक लाभ हुआ है। हरिद्वार जिले की टीम ने इस जानकारी को अपने यहां लागू करने की योजना बनाई।

**भ्रमण का महत्व और प्रेरणा:-**

इस शैक्षिक भ्रमण ने हरिद्वार जिले के सीएलएफ पदाधिकारियों को व्यवसायिक प्रबंधन और तकनीकी नवाचारों की बारीकियों को समझने का अवसर प्रदान किया। उन्होंने सीखा कि कैसे अल्मोड़ा की सहकारिताएं अपने काम को संगठित और प्रबंधन कर रही हैं। इस भ्रमण से हरिद्वार जिले की महिलाओं को न केवल नई तकनीकों को अपनाने की प्रेरणा मिली, बल्कि उन्हें यह भी महसूस हुआ कि सही रणनीति और प्रबंधन से उनकी सीएलएफ भी लाभप्रद बन सकती है।

**अपेक्षित परिणाम:-**

इस शैक्षिक भ्रमण से हरिद्वार जिले की सीएलएफ को कई महत्वपूर्ण लाभ मिलने की संभावना है:-

**1. नवीनतम तकनीकों का समावेश:-**

अल्मोड़ा में देखी गई तकनीकों को हरिद्वार में लागू करने से सीएलएफ की उत्पादकता और गुणवत्ता में सुधार होगा।

**2. आर्थिक सशक्तिकरण:**

बेहतर प्रबंधन और उन्नत तकनीकों के उपयोग से महिलाओं की आय में वृद्धि होगी और उनकी आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित होगी।

**3. प्रेरणा और आत्मविश्वास:**

इस भ्रमण ने महिलाओं को अपने व्यवसाय को बढ़ाने और उसे अधिक लाभप्रद बनाने के लिए प्रेरित किया।

**4. नई रणनीतियों का विकास:**

अल्मोड़ा की सहकारिताओं से सीखे गए प्रबंधन के तरीके और तकनीकी नवाचार हरिद्वार जिले की सीएलएफ को और अधिक कुशल और लाभदायक बना सकते हैं।

**निष्कर्ष:-**

अल्मोड़ा जिले के मंगलाता और हवालबाग गांवों का यह शैक्षिक भ्रमण हरिद्वार जिले की सीएलएफ पदाधिकारियों के लिए एक महत्वपूर्ण अनुभव था। इससे उन्होंने नई तकनीकों और प्रथाओं को सीखने के साथ-साथ अपने व्यवसाय को उन्नत बनाने के लिए प्रेरणा प्राप्त की। इस तरह के प्रयास न केवल महिलाओं को सशक्त बनाएंगे, बल्कि हरिद्वार जिले में सहकारिता और ग्रामीण विकास के व्यापक उद्देश्यों को भी साकार करेंगे।

## प्रतिनिधि मंडल को एस एल ओ साहब ने जांच कर शीघ्र न्याय दिलाने का आश्वासन दिया

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

**हरिद्वार,** जिला हरिद्वार के ग्राम जगजीतपुर में ग्राम पंचायत द्वारा वर्ष 1997 में अनुसूचित जाति के लोगों के आवंटित पट्टों पर भू माफियाओं का जबरन कब्जा कराकर अनुसूचित जाति की महिलाओं का घोर उत्पीड़न कर रहे है। पुलिस एवं तहसील प्रशासन के कर्मचारियों एवं भू-माफिया द्वारा किए गए घोर उत्पीड़न के खिलाफ ग्राम जगजीतपुर की अनुसूचित जाति की कुमारी प्रमिला, विद्या देवी ,कलावती,सुखबीरी , सुलोचना देवी, सीतो देवी आदि 23 अक्टूबर 2024 से ग्राम जगजीतपुर के अंबेडकर भवन में धरने पर बैठी है।जबकि आवंटित पट्टो का वाद अभी भी एसडीएम कोर्ट में विचाराधीन है।

बहुजन समाज पार्टी के विधायक माननीय मोहम्मद शहजाद जी के बसपा प्रदेश महासचिव डॉक्टर नाथीराम ने धरना स्थल पर पहुंचकर पीड़ित महिलाओं से वार्ता कर विवादित स्थल का मौके मुआयना किया ।महिलाओं के पास मौजूद कागजो के आधार पर डा नाथीराम , भंवर सिंह, पूर्व प्रधान श्याम सुंदर आदित्य आदि प्रतिनिधिमंडल ने एस एल ओ साहब से वार्ता की। प्रतिनिधि मंडल को एस एल ओ साहब ने जांच कर शीघ्र न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। प्रदेश महासचिव डॉक्टर नाथीराम ने पीड़ित महिलाओं से कहा कि अगर अनुसूचित जाति की पीड़ित महिलाओं को जिला स्तर पर शीघ्र न्याय नहीं मिलता है तो मा. विधायक मोहम्मद शहजाद जी अनुसूचित जाति की पीड़ित महिलाओं की लड़ाई सड़क से लेकर सदन तक लड़ेंगे। बहुजन क्रांति मोर्चा के प्रदेश संयोजक भंवर सिंह, जन अधिकार संगठन के जिला अध्यक्ष ओमपाल सिंह, पूर्व प्रधान एवं भारत मुक्ति मोर्चा के जिला सहसंयोजक श्याम सुंदर आदित्य, भीम आर्मी के प्रदेश अध्यक्ष शेखर कुमार, मांगी देवी, सत्तो देवी, ममता देवी सकटू आदि महिलाओं के धरने पर उपस्थित रहे। भंवर सिंह (प्रदेश संयोजक) बहुजन क्रांति मोर्चा उत्तराखंड।

# हरिद्वार पुलिस को मिली सफलता, 02 शातिर चोर दबोचे

- बंद घरों में चोरी की घटनाओं को देते थे अंजाम
- फकीर व सपेरे की जोड़ी ने बंद घरों के ताले तोड़ लाखों की ज्वैलरी पर किया था हाथ साफ
- गंगनहर सहित कलियर क्षेत्र में हुई चोरी का भी हुआ खुलासा
- चोरी की लाइसेंसी रिवॉल्वर, 10 जिंदा कारतूस सहित लाखों की ज्वैलरी बरामद
- अंगूठा छाप हैं दोनो आरोपी, एक पूर्व में चोरी के मामले में देहरादून से जा चुका है जेल
- दिन में घूम कर करते थे रेकी, रात को देते थे घटना को अंजाम





मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

वादी संदीप कुमार पुत्र अरुण कुमार निवासी आर्य विहार गणेशपुर रुड़की कोतवाली गंगनहर द्वारा सूचना दी कि दिनांक 21.11.2024 को जब वह शादी समारोह में गया था

उसी बीच उसके बंद पड़े घर से अज्ञात चोर द्वारा वादी का लाइसेंसी रिवाल्वर तथा सोने-चांदी के आभूषण तथा नगदी चोरी कर ली है जिस सम्बन्ध में कोतवाली गंगनहर पर मु0अ0सं0 669/2024 धारा 305, 331(4) बी0एन0एस0 दर्ज किया गया।

घटना के सफल अनावरण हेतु एसएसपी हरिद्वार द्वारा दिए गए कड़े दिशा निदेर्शों पर गठित पुलिस टीम द्वारा गहन सुरागरसी पतारसी कर घटना स्थल को आने जाने वाले रास्तों पर लगे सीसीटीवी कैमरों को चेक करते हुए कई संदिग्धों से पूछताछ की गई। जिसका सफल परिणाम देखने को मिला, घटना में शामिल 02 अभियुक्तों मौहम्मद नईम वमनदीप को गणपति कॉलोनी रुड़की के पास खाली मैदान से चोरी के उपकरणों के साथ दबोचा गया। दोनों आरोपियों द्वारा दिनांक 16.02.2024 को कलियर क्षेत्रांतर्गत भी बंद मकान में चोरी की घटना को अंजाम दिया था। अभियुक्तों की निशांदेही पर कलियर स्थित बम्बई मदरसा के पास अभि0 मनदीप के किराए के मकान से दोनों चोरी की घटनाओं में चोरी की गई सम्पत्ति बरामद की गई। दोनो आरोपी अनपढ़ हैं चोरी की घटनाओं से अपनी आजीविका चलाते हैं। अभियुक्त मनदीप चोरी के मामले में जनपद देहरादून से जेल जा चुका है।

**नाम पता अभियुक्तगणः-**

1- मौहम्मद नईम पुत्र मौ0 सुल्तान निवासी मौहल्ला कानून गोयान थाना पुरकाजी जिला मुजफ्फरनगर हाल बम्बई मदरसा के पास झुग्गी झोपड़ी थाना कलियर जनपद हरिद्वार, उम्र 22 वर्ष।

2- मनदीप पुत्र जड्डुनाथ निवासी ग्राम खेमकरण थाना मोहननगर जिला अमृतसर पंजाब हाल निवासी बम्बई मदरसा के पीछे कलियर, थाना कलियर रुड़की उम्र 20 वर्ष।

## हरिद्वार पुलिस द्वारा दुष्कर्म के आरोपी को बागपत से किया गिरफ्तार



मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

**भगवानपुर,**वादीया निवासी भगवानपुर द्वारा तहरीर दी गयी कि अभियुक्त सुहैल पुत्र अली हसन निवासी ग्राम बालेनी थाना बालेनी जनपद बागपत उत्तर प्रदेश द्वारा वादिया / पीडिता को शादी का झांसा देकर वादिया/पीडिता के साथ बार-बार दुष्कर्म करने के सम्बन्ध में थाना भगवानपुर पर मु0अ0सं0-811/2024 धारा 376(2)(ल्ल) भादवि पंजीकृत किया गया। उक्त घटना की गम्भीरता को देखते हुए प्रभारी निरीक्षक थाना भगवानपुर के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा कडी सुराग रस्सी पता रसी करते हुये दिनांक 27/11/24 को मुखबिर खास की सूचना पर अभि0 सुहेल खान पुत्र अलीहसन निवासी ग्राम बालेनी थाना बालेनी जनपद बागपत उ0प्र0 को ग्राम गेलचा बागपत उ0प्र0 से गिरफ्तार करते हुए आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई ले

**नाम पता अभि0**

सुहेल खान पुत्र अलीहसन निवासी ग्राम बालेनी थाना बालेनी जनपद बागपत उ0प्र0

# जिलाधिकारी कर्मेन्द्र सिंह ने जिला कार्यालय सभागार में पीएम विश्वकर्मा योजना की समीक्षा बैठक लेते हुए

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

हरिद्वार, पीएम विश्वकर्मा योजनान्तर्गत जनपद के पारम्परिक शिल्पकारों एवं कारीगरों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और उनके कौशल विकास हेतु प्राथमिकता से कार्य करना सुनिश्चित करें। यह निर्देश जिलाधिकारी कर्मेन्द्र सिंह ने जिला कार्यालय सभागार में पीएम विश्वकर्मा योजना की समीक्षा बैठक लेते हुए दिये। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए हा कि जनपद के पारम्परिक शिल्पकारों एवं कारीगरों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और उनके कौशल विकास हेतु प्राथमिकता से कार्य किये जाये। उन्होंने निर्देश दिये कि महिलाओं को ग्रामीण क्षेत्रों में ही कौशल विकास प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाये। उन्होंने निर्देश दिये ग्रामीण क्षेत्रों के लिए लक्सर, भगवानपुर, रूड़की आदि क्षेत्रों में कौशल विकास केन्द्रों की संख्या बढ़ाई जाये। प्रशिक्षण तथा योजना के बारे में ग्रामीणों को जगरूक किया जाये, जो भी ग्रामीण कम पढ़े-लिखे हैं, उनके आवेदन ऑनलाइन कराने में मदद की जाये। उन्होंने निर्देश दिये कि जो भी ग्राम पंचायते ऑनबार्ड नहीं हो पाई है, उनकी कारण सहित रिपोर्ट महाप्रबन्धक उद्योग को




उपलब्ध कराई जाये। उन्होंने स्टेज वन स्तर पर लम्बित आवेदन पत्रों का सत्यापन कार्य ग्रामीण स्तर पर पंचायतीराज तथा ग्राम्य विकास विभाग द्वारा और शहरी क्षेत्रों में सम्बन्धित निकाय द्वारा कराया जाये। स्टेज-2 पर लम्बित आवेदन पत्रों का सत्यापन ग्रामीण स्तर पर खण्ड विकास अधिकारी तथा शहरी क्षेत्र में महाप्रबन्धक उद्योग द्वारा कराया जाये। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिये कि जो भी लम्बित आवेदन हैं, उनका समय से व सही ढंग से सत्यापन किया जाये। बैठक में महाप्रबन्धक उद्योग उत्तम कुमार तिवारी ने बताया कि पीएम विश्वकर्मा योजनान्तर्गत 55 ग्राम पंचायतें ऑनबोर्ड नहीं हो पाई हैं। उन्होंने बताया कि योजनान्तर्गत ट्रेनिंग हेतु 3033 व्यक्तियों ने पंजीकरण कराया है तथाा 1459 व्यक्ति टूल किट हेतु चिन्हित किये गये हैं। प्रशिक्षण हेतु 4 केन्द्र संचालित हैं। जिसमें 33 बैच में 918 व्यक्तियों को विभिन्न ट्रेड में कौशल विकास प्रशिक्षण दिया जा चुका है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोण्डे, महाप्रबन्धक उद्योग उत्तम कुमार तिवारी, एलडीएम संजय सन्त, खण्ड विकास अधिकारी जयेन्द्र भारद्वाज, आलोक सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे।

## 25 हजार के ईनामी सलमान को दबोच लाई हरिद्वार पुलिस



मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

**मंगलौर,** कोतवाली मंगलौर पर समीर पुत्र सलीम निवासी बिजली घर के पास मंगलौर द्वारा थाना हाजा पर 21/11/2024 को स्वयं के को जान से मारने की नीयत से फायर करना तथा वादी के साथ मारपीट कर गाली गलौज करने के संबंध में अंतर्गत धारा 115(2), 109(1), 351(2), 352 इठर पंजीकृत कराया गया था। जिसपर कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम द्वारा नाबालिक सहित 02 आरोपियों को पूर्व में संरक्षण/गिरफ्तार किया जा चुका है। घटना का मुख्य आरोपी सलमान काफी शातिर किस्म का है जो गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार ठिकाने बदल रहा था जिसपर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा अभि0 पर 25000/- रु0 की ईनाम की घोषणा की गई थी।

ईनामी आरोपी की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम द्वारा लगातार संभावित स्थानों पर दबिस दी जा रही थी जिसके फल स्वरूप ईनामी आरोपी सलमान को आसफ नगर झाल तिराहा से घटना में प्रयुक्त एक तमंचा व एक जिन्दा कारतूस के साथ दबोचा गया।

## बीएचईएल ने व्यावसायिक उत्कृष्टता के लिए सीआईआई - एग्जिम बैंक पुरस्कार 2024 जीता

**सीआईआई एक्जिम बैंक पुरस्कार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त यूरोपीय फाउंडेशन फॉर क्वालिटी मैनेजमेंट (EFQM) के उत्कृष्टता मॉडल पर आधारित है।**




मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

**हरिद्वार,** सतत उत्कृष्टता के अपने ट्रैक रिकॉर्ड की पुष्टि करते हुए, भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) ने लगातार दूसरी वर्ष व्यावसायिक उत्कृष्टता के लिए प्रतिष्ठित सीआईआई-एक्जिम बैंक पुरस्कार 2024 जीता है।

यह पुरस्कार उत्कृष्टता, विविधता और गतिशील व्यावसायिक परिदृश्य के अनुकूल होने की क्षमता के प्रति कंपनी की अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है। सीआईआई एक्जिम बैंक पुरस्कार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त यूरोपीय फाउंडेशन फॉर क्वालिटी मैनेजमेंट (एत्र्द्धट) के उत्कृष्टता मॉडल पर आधारित है। बीएचईएल की हरिद्वार इकाई ने प्रतिष्ठित सीआईआई एक्जिम बैंक पुरस्कार जीता है। इसके साथ ही, भोपाल, हैदराबाद, झाँसी, रानीपेट और प्रोजेक्ट इंजीनियरिंग मैनेजमेंट इकाइयों/प्रभागों को प्लेटिनम सम्मान मिला है। यह पुरस्कार श्री जे.पी. श्रीवास्तव, निदेशक (ई, आर एंड डी) ने कॉर्पोरेट गुणवत्ता और संबंधित प्रभागों की टीमों के साथ 27 नवंबर, 2024 को बेंगलुरु में आयोजित 32वें सीआईआई उत्कृष्टता शिखर सम्मेलन में प्राप्त किए।

## हरिद्वार पुलिस ने एसिड अटैक की घटना करने वाले 02 अभियुक्तों को दबोचा

**घटना की गंभीरता को देखते हुए रढ हरिद्वार द्वारा आरोपियों पर रखा था 5-5 हजार को ईनाम**



मंगलौर , कोतवाली मंगलौर पर वादी की पुत्री पर तेजाब फेंकनें व झड़प के दौरान पत्नि और भाभि ो के हाथ पैर व कपडो पर भी तेजाब गिरने व प्रतिवादी गणों द्वारा उसकी पुत्री की लज्जा भंग कर उनके साथ गाली-गलौच कर जान से मारने की धमकी देना के संबंध में अन्तर्गत धारा 76, 79, 124(1), 351(2), 352 बी0एन0एस0 2023 बनाम 03 व्यक्ति पंजीकृत किया गया था। घटना की गंभीरता को देखते हुए मुकदमा पंजीकरण के तुरन्त पश्चात शीघ्र ही प्रभारी निरीक्षक द्वारा अपने संचालन मे अपराधियों की धरपकड़ हेतु विभिन्न टीमे गठित कर सुरागरसी पतारसी कर मुखबिर मामूर किये गये।

पुलिस टीमों द्वारा लगातार फरार चल रहे आरोपितों की गिरफ्तारी हेतु मसकन व सम्भावित स्थानों पर बार बार दबिश दी गई किन्तु आरोपितों द्वारा पुलिस से बचने को लगातार फरार चल रहे थे वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार द्वारा आरोपितों पर 5000/- 5000/-रु0 की ईनामी राशि घोषित कर गिरफ्तारी हेतु सख्त दिशा-निर्दश दिये गये थे। मुखबिर की सूचना पर मंगलौर पुलिस के द्वारा कपूर पैट्रोल पम्प के सामने वाले रजवाहे की पटरी पर से दो वांछित/ईनामी को गिरफ्तार किया गया।

हिरासत में लिए गए आरोपितों को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# कप्तान प्रमेन्द्र सिंह डोबाल के नेतृत्व में कामयाबी की नई मिसाल पेश करती हरिद्वार पुलिस

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

प्रतापपुर रायसी क्षेत्र में फाइनेन्स कर्मी के साथ तमंचे के बल पर लूट पाट की घटना, दिनांक 13.11.2024 को गैस सफ्लायर से ढाढेकी गांव के पास 24 हजार की नकदी लूट व दिनांक 23.11.2024 को ग्राम चिडियापुर के पास गैस सफ्लायर से लूट की घटना संबंधित मामलों में पीड़ित जन की शिकायत पर कोतवाली लक्सर में मुकदमें दर्ज किए गए। आमजन के बीच भय का पर्याय बन रही इन घटनाओं पर सख्त रुख अपनाते हुए एसएसपी प्रमेन्द्र सिंह डोबाल ने लक्सर कोतवाल को सीआईयू से टेक्निकल सपोर्ट लेते हुए घटना से जुड़े आपराधिक तत्वों को जल्द से जल्द सलाखों के पीछे भेजने के स्पष्ट निर्देश दिए गए। अलग-अलग पुलिस टीमों द्वारा थाना क्षेत्र में लगातार सक्रिय रहकर जानकारी जुटाई गई व फाइनेन्स कम्पनी के कर्मी व गैस सफ्लायरो पर गोपनीय निगरानी रखते हुये वारदातों में इस्तेमाल मोटर साइकिल व आने-जाने वाले दुर्गम मार्गो पर निरन्तर निगरानी रखी गयी। लगातार प्रयास के परिणामस्वरुण पुलिस को 02 संदिग्ध व्यक्तियों के हुलिये व इनके द्वारा इस्तेमाल की जा रही मोटर साइकल के मैक व अन्य जानकारी प्राप्त करने में सफलता प्राप्त हुई। उक्त जानकारी के आधार पर पुलिस टीम ने दिनांक 27.11.2024 को गैस सफ्लायर की गाड़ी के पीछे उक्त संदिग्ध मोटर साइकिल सवार 02 व्यक्ति जाते पुलिस टीम को दिखाई दिये। संदिग्ध को देखते ही पीछा करने पर दोनों संदिग्ध व्यक्तियों ने भागने का प्रयास किया लेकिन कामयाबी न मिलती देख तमंचे से फायर कर दिया। गंभीर स्थिति में हौसला दिखाते हुए अन्य फोर्स को मौके पर बुलाकर घेरा बन्दी करते हुए दोनों संदिग्धो व्यक्तियों को 02 अवैध तमंचो मौके पर दबोचा गया। पकडे जाने के बाद दोनों व्यक्तियों द्वारा थाना क्षेत्र में हुयी विभिन्न लूट की घटनाओं को अंजाम देना स्वीकार किया गया। थाने पर दोनों आरोपित के विरुद्व आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।



### ये थी अपराधी बनने की वजह-

पूर्व में जेल में एक दूसरे के सम्पर्क में आकर दोनों में अच्छी दोस्ती हो गयी थी। जेल से छुटने के बाद दोनो ने रोजमर्रा में नगदी जेब में लेकर चलने वालों की रैंकी कर फाईनेन्स कम्पनी के कर्मचारी व गैस सिलेन्डर सफ्लायर का पीछा कर सुनसान जगहो पर अपना निशाना बनाते थे और लूट की घटना को अंजाम देकर किराये का कमरा लेकर कई दिनो तक छुप जाते थे। घटना करने के पश्चात भागने के लिये सीसीटीवी कैमरो से बचने हेतु खेतो व जगलो के रास्तो को आने व जाने के लिये इस्तमाल करते थे ।

### विवरण आरोपित-

1- अरविन्द पुत्र सुरेश निवासी ग्राम रजबपुर थाना कोतवाली लक्सर हरिद्वार हाल- रावली महदूद थाना सिडकूल हरिद्वार

2- श्रवण पुत्र रमेश निवासी ग्राम दौलतपुर थाना बहादराबाद हाल सिचाई विभाग कालोनी धनौरी थाना कलियर जनपद हरिद्वार

### अपराधिक इतिहास श्रवण-

1-मु0अ0सं0 1221/24 धारा 109(4) बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट

2-मु0अ0सं0 1183 /24 धारा 309(4) बी0एन0एस0

3-मु0अ0सं0 1065/24 धारा 309(4) बी0एन0एस0

4-मु0अ0सं0 1220/24 धारा 309(4) बी0एन0एस0

5-मु0अ0सं0 729/20 धारा 394/411 भादवि थाना देवबन्द सहारनपुर

6-मु0अ0सं0 730/20 धारा 394/411 भादवि थाना देवबन्द सहारनपुर

7-मु0अ0सं0 904/20 धारा 2/3 गैगेस्टर एक्ट

8-मु0अ0सं0 325/20 धारा 394/411 भादवि

9-मु0अ0सं0 93/24 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट थाना कलियार हरिद्वार

### अपराधिक इतिहास अरविन्द-

1-मु0अ0सं0 1221/24 धारा 109(4) बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट

2-मु0अ0सं0 1183 /24 धारा 309(4) बी0एन0एस0

3-मु0अ0सं0 1065/24 धारा 309(4) बी0एन0एस0

4-मु0अ0सं0 1220/24 धारा 309(4) बी0एन0एस0

### बरामदगी-

1-दोनो अभियुक्तगणों से अलग-अलग 02 अदद तमंचे व जिन्दा व खोका कारतूस

2-मु0अ0सं0 1183 सें सम्बन्धित 20 हजार रुपये नकद

3-मु0अ0सं0 1063 से सम्बन्धित 11 हजार रुपयें नकद

4-घटना में प्रयुक्त मोटर साईकिल स्पलैण्डर यूके17 जे 6294

### पुलिस टीम-

1- प्रभारी निरीक्षक लक्सर राजीव रौथान
2- व0उ0नि0 मनोज गैरोला
3- उ0नि0 नवीन चौहान
4-उ0नि0 कमलकांत रतूड़ी
5-उ0नि0 दीपक चौधरी
6-उ0नि0 कर्मवीर सिह
7- हे0का0 विनोद कुमार
8-हे0कानि0 रियाज अली
9-हे0कानि0 पंचम प्रकाश
10-हे0कानि0 मोहन खोलिया
11-कानि0 ध्वजवीर सिंह
12-कानि0 अनुप पोखरियाल

# सडक दुर्घटनाओ की रोकथाम हेतु टैक्सी टेंपो स्टैंड यूनियन के साथ गोष्ठी की आयोजित

## हाईवे पर चलने वाले टेंपो व मैक्स वाहन में रिफ्लेक्टर लगाने हेतु किया गया निर्देशित



मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

उपरोक्त क्रम में आज कोतवाली नगर हरिद्वार की चौकी रोड़ी बेल वाला में मैक्स वाट टेंपो स्टैंड के पदाधिकारी एवं वाहन चालकों की गोष्ठी आयोजित की गई व हाईवे पर चलने वाले टेंपो व मैक्स गाड़ियों में रिफ्लेक्टर लगाने, ओवर स्पीड मैं वाहन न चलाने, शराब पीकर वाहन न चलाने के सम्बन्ध में भी अवगत कराया गया व यूनियनों के पदाधिकारी व चालकों के साथ वाहनों में रिफ्लेक्टर टेप लगाई गई।

# कलियर के मेहवड कला क्षेत्र में उत्तराखंड पुलिस और यात्रियों से भरी मिनी बस की जोरदार टक्कर से मिनी बस में सवार यात्रियों को आई चोटे, कलियर पुलिस मौके पर पहुंची



मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

पिरान कलियर थाना क्षेत्र के मेहवड कलां के समीप उत्तराखंड पुलिस और यात्रियों से भरी मिनी बस की जोरदार टक्कर हो गई। बताया जा रहा हैं कि टक्कर लगने के दौरान कई यात्रियों को हल्की चोटें आई हैं। जिनको मिनी बस से बाहर निकालकर उपचार के अस्पताल भिजवा दिया गया है।

मिली जानकारी के मुताबिक बृहस्पतिवार को रुड़की-मेहवड नहर पटरी पर उत्तराखंड पुलिस की वैन और यात्रियों से भरी मिनी बस की जोरदार टक्कर हो गई। बताया जा रहा है कि मिनी बस चालक ने पुलिस की बस को पीछे से टक्कर मारी हैं। टक्कर लगने के दौरान मिनी बस में सवार कई यात्रियों को हल्की चोटें हैं। मौके पर पहुंची भीड़ ने यात्रियों को मिनी बस से बाहर निकालकर घायलों को उपचार के अस्पताल भिजवा दिया है। वही सूचना मिलते ही कलियर पुलिस मौके पर पहुंच गई हैं। और मामल की जानकारी में जुटी हुई हैं।

# युवती व महिलाओं पर एसिड अटैक करने वाले दो शातिर गिरफ्तार

मिशन नेशनल न्यूज / शमशाद अहमद

मंगलौर कोतवाली पर वादी की पुत्री पर तेजाब फेंकने व झड़प के दौरान पत्नि और भाभिय़ो के हाथ- पैर व कपडो पर भी तेजाब गिरने व प्रतिवादी गणों द्वारा उसकी पुत्री की लज्जा भंग कर उनके साथ गाली-गलौच कर जान से मारने की धमकी देने आदि के संबंध में अन्तर्गत धारा 76, 79, 124(1), 351(2), 352 बी0एन0एस0 2023 बनाम 03 व्यक्ति पंजीकृत किया गया था।

घटना की गंभीरता को देखते हुए मुकदमा पंजीकरण के तुरन्त पश्चात शीघ्र ही प्रभारी निरीक्षक द्वारा अपने संचालन में अपराधियों की धरपकड़ हेतु विभिन्न टीमे गठित कर सुरागरसी कर मुखबिर मामूर किये गये। पुलिस टीमों द्वारा लगातार फरार चल रहे आरोपितों की गिरफ्तारी हेतु मकान व सम्भावित स्थानों पर बार बार दबिश दी गई, किन्तु आरोपितों द्वारा पुलिस से बचने को लगातार फरार चल रहे थे, जिनके खिलाफ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार द्वारा 5000/- 5000/-रु0 की ईनामी राशि घोषित कर गिरफ्तारी हेतु सख्त दिशा-निर्दश दिये गये थे। मुखबिर की सूचना पर मंगलौर पुलिस के द्वारा कपूर पैट्रोल पम्प के सामने वाले रजवाहे की पटरी पर से दो वांछित/ईनामी को गिरफ्तार किया गया। हिरासत में लिए गए आरोपितों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों में यूसुफ पुत्र शमशुद्दीन व अनस पुत्र यूसुफ निवासीगण कस्बा व थाना मंगलौर शामिल रहे। टीम में म0उ0नि0 मनसा ध्यानी, का0 उत्तम सिंह, का0 राजेश देवरानी शामिल रहे।

# सीएसआर के अंतर्गत संचालित कार्यों की जिला कार्यालय सभागार में समीक्षा की

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

**हरिद्वार** ,जिलाधिकारी कर्मेंद्र सिंह ने विभिन्न कंपनियों द्वारा सीएसआर के अंतर्गत संचालित कार्यों की जिला कार्यालय सभागार में समीक्षा की।

जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत जनपद में सिस्टमेटिक ढंग से कार्य किए जाए। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि कार्यो में किसी भी प्रकार की डुप्लीकेसी न हो और डुप्लीकेसी रोकने, विभागीय आवश्यकताओं के अनुरूप कार्य हेतु जनपद स्तर पर पोर्टल बनाया जाए। पोर्टल में सभी सम्बंधित विभागों के अपनी आवश्यकताएं अपलोड करने, कम्पनी को अपनी सीएसआर धनराशि राशि, योजनाएँ चयन का विकल्प भी होना चाहिए ताकि कार्यों में पारदर्शिता रहे, किसी भी प्रकार की डुप्लीकेसी न हो और सीएसआर कार्यों की भी निगरानी की जा सके।उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि जब तक पोर्टल नहीं बन जाता तब तक के लिए सभी विभाग जिला विकास अधिकारी को डिमांड दे और कम्पनियां डिमांड के अनुसार ही डीडीओ से समन्वय करते हुए कार्य करें।



उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि गरीब एवं निःसहाय व्यक्तियों के कल्याण हेतु आपसी समन्वय व प्रभावी ढंग से कार्य करें।उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि शिक्षा, शिकित्सा, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण के साथ ही सोलर एनर्जी के क्षेत्र में भी विशेष रूप से कार्य किए जाएं।

उन्होंने सीएसआर के अंतर्गत संचालित कार्यों की प्रतिमाह समीक्षा करने, कम्पनियों की लिस्टिंग करने तथा बैठक में समाज कल्याण व खेल विभाग को भी बुलाने के निर्देश दिए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि प्रभावी परिणाम प्राप्त करने के लिए जिला स्तरीय अधिकारियो से समन्वय करते हुए कार्य चयन किए जाएं। रिवर फ्रंट डेवलपमेन्ट पर भी विचार किया जाए। उन्होंने कहा कि सीएसआर के अंतर्गत वाटर कंजरवेशन कार्यों की भी मेपिंग की जाएगी।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोंडे, जिला विकास अधिकारी वेद प्रकाश, मुख्य शिक्षा अधिकारी केके गुप्ता, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. आरके सिंह, डीपीओ सुलेखा सहगल सहित विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधि मानसी, नामदेव, अमित कुमार, सचिन नारायण, असगर अली, अरविन्द चौहान, साक्षी चौहान, संतोष भंडारी आदि उपस्थित थे।

# एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोभाल ने किया खुलासा महिला की हत्या करने वाली महिला ही निकली कातिल

मिशन नेशनल न्यूज / शमशाद अहमद

रुड़की कोतवाली पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। हरिद्वार एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोभाल ने बृहस्पतिवार को खुलासा करते हुए बताया कि महिला की हत्या करने वाली महिला ही कातिल निकली है। जानकारी के अनुसार रुड़की कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत सोमवार को चौकी सौत बी के सती मोहल्ले के एक घर में 55 वर्षीय अधेड़ महिला का लहूलुहान शव मिलने से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी, सूचना मिलते ही पुलिस महकमें में हड़कंप मच गया था। घटना की संवेदनशीलता की दृष्टिगत मृतक महिला के परिजन (पुत्र) दीपक कुमार पुत्र घनश्याम निवासी सती मोहल्ला रुड़की द्वारा कोतवाली रुड़की में मुकदमा दर्ज कराया गया था।महिला संबंधी अपराधों के प्रति बेहद गंभीर जनपद पुलिस कप्तान प्रमेन्द्र सिंह डोबाल द्वारा पुलिस अधीक्षक स्वप्न किशोर सिंह एवं सीओ रुड़की नरेंद्र पंत से समय-समय पर मामले की जानकारी ली एवं काम कर रही टीमों से सीधे वार्ता कर उनको आवश्यक दिशा निर्देश दिए इन सबके परिणाम स्वरुप ब्लाइंड मर्डर केस का सफलतापूर्वक खुलासा हुआ।वहीं एसएसपी प्रमेंद्र डोभाल ने खुलासा करते हुए बताया कि महिला की हत्या करने वाली आरोपी महिला रुबीना मच्छी मोहल्ला रुड़की में अपने परिवार के साथ रहती थी, जिसका पति पत्थर, टाइल्स का काम करता है महिला रुबीना 6 साल से लोन लेने एवं अन्य लोगों को लोन दिलवाने में बिचौलिया के रूप में काम करती थी, रुबीना द्वारा 2 साल से महिलाओं का एक समूह बना रखा था, जरूरत महिलाओं पर अपनी जिम्मेदारी पर लोन दिलवाती थी जिसके एवज में प्रत्येक महिला से 500 रुपए की कमीशन लेती थी।



एसएसपी ने बताया कि मृतका ब्याज पर पैसे देने का काम करती थी आरोपी महिला अपने किसी परिचित के माध्यम से ब्याज पर पैसे लेने के लिए मृतका के घर पर आई थी वहीं से दोनों की बातचीत शुरू हुई जो जल्दी ही जान पहचान में बदल गई। उन्होंने बताया कि आरोपी महिला पर 4 बैंकों का लोन चल रहा था जिसके चलते अपना कर्ज उतारने के चक्कर में हत्या की साजिश रचते हुए महिला को मौत के घाट उतार दिया था।एसएसपी ने बताया कि मृतका रेखा से ब्याज पर पैसे लेने के दौरान आरोपी महिला रुबीना ने कई दिनों की आपसी बातचीत एवं घर के हालात देखकर भली भांति पता कर लिया था कि मृतका रेखा दिन में अकेले रहती है, बीमार है चलने में दिक्कत है, जिसके पास मोटा पैसा है। घटना वाले दिन भी रुबीना, मृतका से ब्याज पर पैसे लेने का बहाना करते हुए गलत नीयत से घर में आई थी। घटना वाले दिन मृतका रेखा से ब्याज पर पैसे लेने व उसको बातों में उलझा कर मौका देखकर रुबीना द्वारा मृतका रेखा के सर पर पाइप रिंच से लगातार 3-4 तगड़े वार कर महिला रेखा को मौत के घाट उतार दिया, उसके बाद मृतका के गले में टाइट चुन्नी बांधकर घटना को भ्रमित करने का भी प्रयास किया और घर से ज्वैलरी व नगदी लेकर चुपचाप फरार हो गई। उन्होंने बताया कि मृतका का नाम रेखा है जो कोतवाली रुड़की क्षेत्रांतर्गत सत्ती मोहल्ला रुड़की में रहती थी, जिसके 03 बच्चे हैं जो अंबाला पंजाब में रहते हैं एवं पति सब्जी की ठिया लगाकर बच्चों का पालन पोषण करता है। वहीं एसएसपी ने रुड़की कोतवाली पुलिस को ब्लाइंड महिला मर्डर केस का 72 घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार करने पर पुलिस टीम को 5000 रुपए इनाम देने की घोषणा की है।

# मोर्चे की दहाड़: नौकरियां तो पहले ही माफि या, सेटिंगबाज लूट ले गये!



मिशन नेशनल न्यूज / शादाब अली

देहरादून विकासनगर जन संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष एवं जीएमवीएन के पूर्व उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने कहा है कि राज्य निर्माण के इन चौबीस पच्चीस वर्षों में जिस मकसद से राज्य का निर्माण अपनी जान पर खेलकर आंदोलनकारियों ने साकार किया था, वह सपना सरकारी नौकरियों को माफियाओं एवं सेटिंग बाजों द्वारा लूटने के पश्चात लगभग खत्म हो चुका है। उन्होंने कहा कि सुदूरवर्ती क्षेत्रों में आज भी पहाड़ विकास की बाट जोह रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य आंदोलनकारियों को औद्योगिक इकाईयों में नौकरियों में प्राथमिकता दी जानी चाहिए और राज्य सरकार को इसमें पहल करनी होगी।

यहां पत्रकारों से वार्ता करते हुए नेगी ने कहा कि ऐसे समय में जब सरकारी नौकरियों का कोटा लगभग खत्म हो चुका है तथा रोजगार का कोई अन्य साधन राज्य आंदोलनकारी एवं उनके आश्रितों को नहीं दिख रहा है, उन्होंने कहा कि ऐसे में सरकार को चाहिए कि औद्योगिक इकाईयों फैक्ट्रीज में इनको नौकरियों में योग्यता के आधार पर प्राथमिकता दे, जिससे इनका मान सम्मान हो सके तथा यह सभी अपने परिवार का भरण पोषण कर सकें।उन्होंने कहा कि वैसे तो पूर्ववर्ती सरकार द्वारा औद्योगिक इकाईयों में 7० फीसदी स्थानीय युवाओं के लिए आरक्षण की व्यवस्था है, लेकिन सब हवा हवाई है। उन्होंने कहा कि मोर्चा सरकार से मांग करता है कि इस मसले पर गंभीरता से विचार कर आंदोलनकारियों के साथ न्याय करने का काम करें। इस अवसर पर पत्रकार वार्ता में मोर्चा के महासचिव आकाश पंवार व विजय राम शर्मा मौजूद थे।

## बरातियों को दिल्ली ले जा रही बस के लच्छीवाला टोल प्लाजा पर ब्रेक फेल, 1 महिला गंभीर घायल

मिशन नेशनल न्यूज / शादाब अली

डोईवाला देहरादून के नेहरुग्राम में शादी सम्पन्न होने के बाद बारातियों को आज दिल्ली वापिस ले जाती बस के ब्रेक फेल हो जाने के कारण अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में एक 44 महिला गंभीर रूप से घायल हुई व 11 अन्य लोग साधारण रूप से घायल हुए है।

दिल्ली से राजधानी देहरादून के नेहरुग्राम में कल बुधवार को शादी में आये बराती शादी संपन्न होने के बाद आज गुरुवार को एक 36 सीटर बस संख्या यूपी 15 सिटी 8271, 30 बरातियों को संगम विहार,दिल्ली वापिस ले जा रही थी। इस दौरान लच्छीवाला पहले बस में तकनीकी खराबी होने के कारण बस के ब्रेक फेल हो गए और बस डिवाइडर से जाकर टकरा गई।

एक्सीडेंट की सूचना मिलते ही डोईवाला पुलिस तुरंत मौके पर पहुँची व लोगो के साथ मिलकर घायलों को बस से बाहर निकाला गया। हादसे में एक 44 वर्षीय महिला मंजू देवी गंभीर रूप से घायल हुई है जिन्हें नजदीकी अस्पताल पहुँचाया जा रहा है। अन्य घायलों में नरेन्द्र वंसवाल(40),चन्द्रवती(40), वैशनवी(11), दीपक कुमार(44), अन्जू(36), सानवी(13),नवीन(22), राजेन्द्र प्रसाद(46) ,निवांश(05), बबलू (36), सुमित (38) है। सभी घायल दिल्ली के निवासी है।

# कड़े शब्दों में कहा सरकारी अस्पतालो को न बनाए मजाक !डीएम बंसल

## चिकित्सालयों में अनुबन्धित पैथोलॉजी सेन्टरों के प्रतिनिधि 247 रहेंगे उपस्थित

मिशन नेशनल न्यूज / शादाब अली

ब्रहस्पतिवार को देहरादून राजधानी स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में देर शाम जनपद देहरादून डीएम सविन बंसल ने सभी उप जिला चिकित्सालयों की एक साथ प्रबन्धन समिति की बैठक ली। वही बैठक में जिलाधिकारी ने चकित्सालयों के सभी प्रस्ताव स्वीकृत करते हुए कहा कि आप चिकित्सालयों में सुविधा बढाएं जनमानस के प्रति कमिटमेंट बढाएं। वही इस बैठक में जनपद देहरादून मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह, मुख्य चिकित्साधिकारी डा संजय जैन, उप जिलाधिकारी हरिगिरि, सहित सम्बन्धित चिकित्सालयों के प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक एवं समति के सदस्य उपस्थित रहे।वही इस मौके पर जिलाधिकारी ने कड़े शब्दों में कहा कि सरकारी चिकित्सालयों को रेफलर सेन्टर बनाकर मजाक न बनाए सभी लोग निजी चिकित्सालयों का खर्चा वहन नही कर सकते हैं। सरकारी चिकित्सालयों में सुविधा बढाए जाने हेतु सरकार निरंतर प्रयासरत है, लगभग सभी चिकित्सालयों में पूर्ण स्टॉफ भी है, चिकित्सकों एवं चिकित्सा स्टॉफ के सहयोग से हम आदर्श व्यवस्था बना सकते हैं, यह सेवा



के साथ ही एक पुनीत कार्य भी है।वही देहरादून डीएम सविन बंसल ने उप जिला चिकित्सालय विकासनगर के आक्सीजन प्लांट की सर्विस तथा भवन मरम्मत के लिए धनराशि मौके पर ही स्वीकृत की। वहीं प्रेमनगर चिकित्सालय के सभी प्रस्ताव स्वीकृत करने के साथ ही बच्चों के 20 बैड के आईसीयू संचालित करने हेतु मैनपावर, विद्युत कनैक्शन व संसाधन बढाए जाने हेतु स्वीकृति प्रदान की।

साथ ही मसूरी चिकित्सालय में रात्रि में गायनी चिकित्सक न रहने की शिकायत पर डीएम ने एसीएमओ की अध्यक्षता में समिति बनाते हुए अप्रैल से अब तक किये गए संस्थागत प्रसव एवं रेफरल की सूची सहित समस्त बिन्दुओं पर जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश मुख्य चिकित्साधिकारी को दिए।

माननीयों के प्रतिनिधियों ने अवगत कराया कि चिकित्सालय में ईएनटी चिकित्सक को विकासनगर भी ड्यूटी लगाई गई है, जिससे वह दो ही दिन मसूरी बैठते हुए, जिस पर जिलाधिकारी ने ईएनटी चिकित्सक को तीन दिन मसूरी में ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए, जिस पर समिति के सदस्यों ने जिलाधिकारी का अभार व्यक्त किया।वही इस दौरान देहरादून डीएम ने प्रेमनगर चिकित्सालय में आईपीडी कम होने पर कारण पूछा, आईपीडी बढाने के निर्देश। मुख्य विकास अधिकारी को सभी चिकित्सालयों का औचक निरीक्षण करते हुए आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि जब चिकित्सालय में समुचित चिकित्सा स्टॉफ एवं संसाधन है तो चिकित्सालयों में सर्जरी कम क्यों हो रही है, उन्होंने चिकित्सालयों से माहवार की गई सर्जरी तथा प्रतिदिन सर्जरी का भी विवरण तलब किया। उन्होंने निर्देशित किया चिकित्सालयों में सैम्पल कलैक्ट करने हेतु अनुबन्धित फर्मों का स्टॉफ 24 घंटे मौजूद रहेंगे इसके लिए मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए

# देहरादून मॉडर्न स्कूल ने हासिल किया प्रथम स्थान,जिलाधिकारी ने विजेताओं को बांटे पुरस्कार

मिशन नेशनल न्यूज / शादाब अली

देहरादून पुलिस लाईन में आयोजित 3 दिवसीय छठवी अन्तर पुलिस मार्डन स्कूल खेलकूद प्रतियोगिता 2024-25 का आज समापन हो गया। पुलिस मॉडर्न स्कूलों के बीच हुई उक्त प्रतियोगिता में देहरादून पुलिस मॉडर्न स्कूल ओवरआल चैंपियन बनकर उभरा।

25 नवंबर से शुरू हुई तीन दिवसीय पुलिस मॉडर्न स्कूल खेलकूद प्रतियोगिता के आज समापन दिवस पर जिलाधिकारी सविन बंसल मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस कप्तान अजय सिंह के साथ पुलिस लाईन,रेसकोर्स पहुँचे जहां उन्होंने विजेता खिलाड़ियों को मेडल वितरित कर उन्हें अपनी शुभकामनायें दी तथा उनके उज्जवल भविष्य का कामना की।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित बच्चों को सम्बोधित करते हुये जिलाधिकारी देहरादून सविन बंसल द्वारा उन्हें खेलों के महत्व की जानकारी देते हुये बताया कि खेल न केवल शारीरिक व मानसिक रूप से बच्चों को स्वस्थ्य रखते है बल्कि ये बच्चों में टीमवर्क, अनुशासन और आत्मसम्मान की भावना भी विकसित करते हैं। उन्होंने छात्रों को खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लेने तथा खेलों को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने के लिये प्रोत्साहित किया।कार्यक्रम के दौरान अपने सम्बोधन मे पुलिस कप्तान अजय सिंह द्वारा सर्वप्रथम प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर रहे सभी




प्रतिभागियों को उनकी मेहनत, समर्पण तथा खेल भावना के लिये बधाई दी, उनके द्वारा बताया गया कि खेलों में भाग लेना केवल शारीरिक गतिविधि नहीं है, यह मानसिक विकास और जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने छात्र-छात्राओं से कहा कि वे अपनी पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद में भी रुचि लें, ताकि वे एक संतुलित जीवन जी सकें।03 दिवस तक आयोजित की गयी उक्त खेल-कूद प्रतियोगिता में 31वीं वाहिनी पी०ए०सी०, 40वीं वाहिनी पी०ए०सी०, रोशनाबाद हरिद्वार तथा जनपद देहरादून के पुलिस मार्डन स्कूल की 04 टीमों तथा कुल 250 प्रतियोगियो द्वारा प्रतिभाग किया गया। प्रतियोगिता के दौरान विभिन्न वर्गो में दौड, चेस, कैरम, शॉटपुट, डिस्कस थ्रो, बॉलीबाल, बैडमिन्टन, फुटबॉल, क्रिकेट सहित कुल 16 इवेन्टों का आयोजन किया गया।प्रतियोगिता में पी०एम०एस० देहरादून द्वारा 20 गोल्ड, 13 सिल्वर तथा 05 ब्रॉन्ज मेडल सहित कुल 38 मेडल प्राप्त कर प्रथम स्थान, पीएमएस रोशनाबाद हरिद्वार द्वारा 17 गोल्ड, 09 सिल्वर तथा 10 ब्रॉन्ज मेडल सहित कुल 36 मेडल प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा पीएमएस 40 वीं वाहिनी हरिद्वार द्वारा 08 गोल्ड, 21 सिल्वर तथा 08 ब्रॉन्ज मेडल सहित कुल 37 मेडल प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।प्रतियोगिता के दौरान पी०एम०एस० देहरादून के छात्र महिराज सिंह दानू द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं में 06 गोल्ड तथा 01 सिलवर मेडल, हर्षित कान्ति द्वारा 04 गोल्ड, 01 सिल्वर मेडल प्राप्त किये गये। बालिका वर्ग में पी०एम०एस० देहरादून की छात्रा प्रियंका द्वारा 05 गोल्ड मेडल तथा पी०एम०एस० रोशनाबाद की छात्रा श्रेया द्वारा 03 गोल्ड मेडल प्राप्त किये गये।

# यू टर्न फ्री न होने से अक्सर चौक चौराहों पर लग रहा जाम

मिशन नेशनल न्यूज / शादाब अली

देहरादून महानगर कांग्रेस कमेटी के पूर्व महानगर अध्यक्ष लालचन्द शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेसजनों के प्रतिनिधिमंडल ने निदेशक, यातायात, उत्तराखण्ड अरुण मोहन जोशी से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपते हुए देहरादून महानगर की यातायात सम्बन्धी समस्याओं से अवगत कराते हुए उनके समाधान का अनुरोध किया। इस अवसर पर स्मार्ट सिटी बसों एवं अन्य सार्वजनिक परिवहन की सुविधा बढ़ाने पर जोर दिया जाये। वहीं कहा गया कि यू टर्न फ्री नहीं होने के कारण भी अक्सर चौक चौराहों पर जाम लगा रहता है। इस अवसर पर यातायात निदेशक अरूण मोहन जोशी को सौंपे ज्ञापन में महानगर कांग्रेस नेताओं ने कहा कि देहरादून शहर में यातायात व्यवस्था एक गम्भीर समस्या का रूप धारण कर चुकी है और जिससे यहां आने वाले पर्यटकों और अन्य लोगों को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने देहरादून शहर की यातायात व्यवस्था में अवरोध उत्पन्न करने वाले कुछ महत्वपूर्ण बिंदुओं की ओर यातायात निदेशक का ध्यान आकर्षित करते हुए यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए कुछ महत्वपूर्ण सुझाव भी दिये है।

इस अवसर पर पूर्व महानगर कांग्रेस अध्यक्ष लालचन्द शर्मा ने कहा कि शहर में विभिन्न स्थानों पर यू टर्न फ्री नहीं होने के कारण भी अक्सर चौक चौराहों पर जाम लगता है। इसलिए यू टर्न फ्री किए जाएं। उन्होंने कहा कि व्यस्ततम चौक चौराहों पर



ट्रैफिक पुलिस और थाना चौकियों की पुलिस के साथ ही जरूरत के हिसाब से पीएसी, होमगार्ड और पीआरडी के जवानों की भी अधिक से अधिक तैनाती की जाए। उन्होंने कहा कि मोहकमपुर में हरिद्वार रोड पर रिंग रोड को जोड ` वाला कट फिर से बंद कर दिया गया है। जिससे रिंग रोड और बद्रीपुर की तरफ जाने वाली बड़ी आबादी को अपने वाहन गुरु तेगबहादुर अस्पताल तक ले जाकर वहां से यू टर्न लेना पड़ता है। उन्होंने कहा कि यह कट बहुत छोटा है। जिससे हरिद्वार रोड और उससे जुड़े अन्य मार्गों पर जाम लगा रहता है। उन्होंने कहा कि इस कट को खोला जाए। इसी तरह दर्शनलाल चौक और पुराने तहसील चौक पर फुट ओवर ब्रिज के नीचे रेड लाइट के आगे विक्रम खड़े रहते हैं। जिससे ट्रैफिक सिग्नल नहीं दिखाई देते हैं। उन्होंने कहा कि इस कारण वहां जाम की स्थिति बनती है और दुर्घटनाओं की संभावना भी बनी रहती है। उन्होंने यह भी कहा कि गढ़ी कैंट चौक पर भी स्कूल और ऑफिस के खुलने और छुट्टी के वक्त के साथ ही वीआईपी मूवमेंट होने के कारण अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है।

उन्होंने कहा कि स्कूल और ऑफिस के खुलने और छुट्टी के समय शहर के प्रमुख चौक-चौराहों और सड़कों पर ट्रैफिक पुलिसकर्मियों की संख्या बढ़ाई जाए। प्रेमनगर चौक पर भी पुलिसकर्मियों की कमी होने के कारण अक्सर जाम लगता है।

इस अवसर पर पूर्व विधायक राजकुमार ने कहा कि शहर के बीच स्थित कई वेडिंग प्वाइंट की अपनी पार्किंग नहीं होने के कारण वहां बड़ी संख्या में सड़कों पर वाहन पार्क रहते हैं। जिससे इन जगहों पर अक्सर जाम लगा रहता है और वाहनों के साथ ही पैदल चलने वाले लोगों को भी आने-जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि मुख्य चौक चौराहों में खासतौर पर बिंदाल पुल, आराघर, राजपुर रोड, रायपुर रोड (चूना भट्टा), जीएमएस रोड, प्रिंस चौक, शास्त्रीनगर और ट्रांसपोर्ट नगर आदि जगहों पर शराब की दुकानों के आगे सड़कों पर जाम लगा रहता है। उन्होंने कहा कि वहां पर शराब के ठेके वाले ट्रैफिक को सही करने के लिए अपने गार्ड नहीं रखते हैं। शराब की दुकानों के बाहर यातायात सुचारू करने के लिए पुलिसकर्मियों के साथ ही शराब संचालकों द्वारा अपने गार्ड रखे जाने की व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि आईएसबीटी फ्लाई ओवर के नीचे वाहन पार्क रहते हैं। उन्होंने कहा कि बस, टैक्सी व विक्रम आदि वाहन संचालक वहीं सवारियां उतारते और चढ़ाते हैं।

उन्होंने कहा कि जिससे वहां पर जाम से लोगों को दिक्कत होती है। इसके अलावा शहर में काली फिल्म चढ़ी गाडि ां भी बड़ी संख्या में चल रही है। उन्होंने कहा कि इससे अपराध होने की संभावना अधिक रहती है। उन्होंने कहा कि इस पर रोक लगाई जाए। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक पुलिस समय-समय पर बच्चों के साथ ही स्कूल के संचालकों, शिक्षकों, कर्मचारियों और बच्चों के अभिभावकों को यातायात व्यवस्था के प्रति जागरूक करें। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही मीडिया की विभिन्न माध्यमों से भी जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएं। उन्होंने कहा कि अभिभावकों और स्कूल प्रबंधनों को कार पूल और स्कूल बसों की संख्या बढ़ाने के लिए जागरूक किया जाए। ट्रैफिक पुलिस इस व्यवस्था को बनाने में स्कूल संचालकों को दिशा निर्देश जारी करें। इस अवसर पर पूर्व विधायक राजकुमार ने यह भी कहा कि देहरादून महानगर में कई वाहनों पर वीआईपी पास वाले पोस्टर एवं काले शीशे लगी गाडियों को बेरोकटोक एवं तेज गति से चलाया जा रहा है और जिस पर तुरंत रोक लगनी चाहिए। इस अवसर पर कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने देहरादून शहर की यातायात-व्यवस्था में सुधार के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिये। इस अवसर पर वाहनों पर आर्मी आदि लिखने वालों की भी जांच की जाये जिससे वास्तविकता सामने आ सके।

इस अवसर पर ज्ञापन में यातायात पुलिस कर्मियों की संख्या बढ़ाई जाए और सड़कों की खराब हालत को सुधारने के लिए संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित किया जाये। पार्किंग की कमी को दूर करने के लिए संबंधित विभागों से समन्वय किया जाए। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कानून के दायरे में सख्ती की जाए। इस अवसर पर यातायात नियमों के प्रति जागरूकता के लिए कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। महानगर में स्मार्ट सिटी बसों एवं अन्य सार्वजनिक परिवहन की सुविधा बढ़ाने पर जोर दिया जाए।

# अंबेडकर जन विकास समिति घनसाली ने संविधान दिवस पर आयोजित की प्रतियोगिताएं

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

अंबेडकर जन विकास समिति घनसाली के तत्वाधान में विकासखंड भिलंगना मुख्यालय में 26 नवंबर 2024 को संविधान दिवस का आयोजन समिति के अध्यक्ष श्री शौकिन आर्य जी के नेतृत्व में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । इस अवसर पर मुख्य अतिथि माननीय विधायक श्रीमान शक्तिलाल शाह विधानसभा घनसाली और उपस्थित सभी अतिथि गणों के द्वारा संविधान शिल्पी डॉ. अंबेडकर के छायाचित्र पर पुष्पाजंलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। समिति के अध्यक्ष श्री शौकिन आर्य जी ने कार्यक्रम के प्रारंभ की घोषणा करते हुए सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि हमें भारतीय संविधान के मूल अधिकारो के प्रति सजग होने के साथ साथ अपने कर्तव्यों के प्रति भी संवेदनशील होना चाहिए। इस कार्यक्रम का संयुक्त रूप से सफल संचालन समिति के महासचिव श्री बॉबी श्रीयाल द्वारा संविधान की विकास प्रकिया पर प्रकाश डाला तथा समिति के मुख्य सलाहकार श्री महावीर धनियाल जी ने संचालन करते हुए भारतीय संविधान की उद्देशिका की कार्यक्रम में उपस्थित महानुभावों और छात्र छात्राओं को प्रतिज्ञा दिलाई। इस अवसर पर माननीय विधायक जी द्वारा छात्रा मानसी सिंह (खो-खो इंटरनेशनल खिलाड़ी) तथा डॉ आर बी सिंह जी को डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त होने पर सम्मानित किया गया। समिति द्वारा आयोजित कक्षा एक से माध्यमिक तक के छात्र-छात्राओं में भारतीय संविधान की समझ विकसित करने के ध्येय से चित्रकला और निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिताओं में विकासखंड के दूर-दराज विद्यालयों से सैकड़ो छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग कर अपनी कला, कौशल, लेखन से अपने प्रतिभा का प्रदर्शन किया। ब्लॉक भिलंगना के खंड शिक्षा अधिकारी श्री सुमेर कैंतुरा जी के द्वारा स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों, मार्गदर्शक शिक्षकों और निर्णायक मंडली के पदाधिकारियो को आकर्षक ट्रॉफियां, प्रशस्ति पत्र तथा समस्त प्रतिभागी छात्रों को सांत्वना पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। समिति के संरक्षक श्री देवी लाल शाह ने कहा कि भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के बलिदान इतिहास ,कर्म, शिल्प और महिलाओं और वंचितों के समान, मानव हित व सामाजिक संवेदनाओं के लिए विश्व के श्रेष्ठ संविधान निर्माण कर भारत देश को दिया है, जिसकी तारीफ विश्व समुदाय ने की है ।इंद्रमणि बडोनी कला एवं साहित्य मंच के अध्यक्ष एडवोकेट श्री लोकेंद्र दत्त जोशी जी ने इस मौके संविधान दिवस पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संविधान सर्व मानव हितों के रक्षक ग्रंथ है, जिसमे हमारी कार्यपालिका, न्याय पालिका, विधायिका वंचित समाज के हितों चिंता कर आजादी के सामाजिक क्रांति में लोगों ने अपना योगदान और बलिदान दिया । भारत ही नही विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र को अनेकता से एकता के सूत्र में समेटने वाले भारत का संविधान की तारीफ की। संविधान निमार्ता बाबासाहेब डॉक्टर भीमराव को युगों युगों तक याद किया जाएगा। नशा मुक्ति जन जागृति शैक्षिक समिति के सचिव डॉ आर बी सिंह ने इस महान पर्व व संविधान निमार्ता भारत रत्न डॉ0 भीमराव अंबेडकर को कोटि कोटि नमन करते हुए आयोजक समिति को शुभ कामनाएं दी । समिति के मुख्य सलाहकार एवं श्री महावीर श्रीयाल जी ने कहा कि समिति ने छात्रों को इस कार्यक्रम में प्रतियोगिता का अवसर देकर एक नवोन्वेशी पहल की है।



राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ भिलंगना के अध्यक्ष महावीर धनियाल जी ने समिति की एक सूत्रीय मांग अंबेडकर भवन निर्माण हेतु कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय विधायक श्रीमान शक्ति लाल शाह जी को एवं कार्यक्रम के अति विशिष्ट अतिथि प्रमुख श्रीमती बसुमति घणाता का ध्यान केंद्रित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय विधायक श्रीमान शक्ति लाल शाह जी ने समिति की एक सूत्रीय मांग को स्वीकार कर अंबेडकर भवन निर्माण की घोषणा की तथा कार्यक्रम के अनेक वाक्य कार्यक्रम के प्रशंसा करते हुए हर वर्ष भव्य रूप से समिति से आयोजित करने की बात कही और कहा कि संविधान हमारे हितों की रक्षा करता है संविधान से सर्वोपरि कोई भी नहीं है।

कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि के रूप में माननीय विधायक श्रीमान शक्तिलाल शाह जी विधानसभा घनसाली, अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में प्रमुख विकास खण्ड भिलंगना श्रीमती बसुमति घणाता जी, श्री भरत चंद भट्ट उपायुक्त ग्राम विकास विभाग, खंड विकास अधिकारी श्री राजेंद्र प्रसाद जी, खंड शिक्षा अधिकारी श्री सुमेर कैंतुरा जी और विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व जिला उपाध्यक्ष भाजपा श्री आनंद बिष्ट जी, जिला मंत्री रामकुमार कठेत जी, एडवोकेट एवं पत्रकार श्री लोकेंद्र जोशी जी अध्यक्ष इंद्रमणि बडोनी कला एवं साहित्य मंच घनसाली, कोषाध्यक्ष श्री मनोज रमोला जी, व्यापार मण्डल घनसाली अध्यक्ष डॉ. नरेन्द्र डंगवाल जी, उत्तराखंड जन विकास परिषद् के अध्यक्ष श्री केसर सिंह रावत जी , राजकीय प्रधान संगठन अध्यक्ष श्री दिनेश भजनियाल जी, सहित राजकीय प्राथमिक शिक्षा संघ के मंत्री मेघ सिंह चौहान जी, श्री जगतराम शाह जी सामाजिक कार्यकर्ता, श्री सत्य प्रकाश ढौंडियाल सामाजिक कार्यकर्ता एवं पत्रकार ,श्री विनोद श्रीयाल जी, श्री आशीष प्रभाकर, श्री लक्ष्मण सिंह सहित सैकडों गणमान्य बुद्धिजीवियों के साथ समिति के संरक्षक श्री देवीलाल शाह जी एवं श्री प्रेमलाल त्रिकोटिया जी, मुख्य सलाहकार श्री महावीर धनियाल जी, श्री आर बी सिंह, प्रवक्ता श्री महावीर श्रीयाल जी, अध्यक्ष श्री शौकीन आर्य जी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री विंद्रमोहन नगवाण जी, महासचिव श्री बोबी श्रीयाल जी, कोषाध्यक्ष श्री दीपक शाह जी, एवं मीडिया प्रभारी श्री सुधीर कोहली, श्री अजय गहरवान जी इत्यादि पदाधिकारीगण, निर्णायक मण्डल आदि कई उत्तराखंड की कई सामाजिक कार्यकर्ता, चिंतक एवम प्रबुद्ध शिक्षा विद्दो, राजनेताओं, सामाजिक सरोकारों से जुड़े शख्सियतों ने भाग लिया और विभिन्न विद्यालयों के छात्र- छात्राएं मौजूद रहे ।

परिणाम

प्राथमिक स्तर पर चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कुमारी रितिका सनशाइन पब्लिक स्कूल घनसाली, द्वितीय स्थान अन्वेष हिमालयन इंग्लिश स्कूल घनसाली और वीर सिंह समर फील्ड पब्लिक स्कूल घनसाली तृतीय स्थान प्राप्त किया। उच्च प्राथमिक स्तर पर चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान साई राज कान्वेंट स्कूल घनसाली, द्वितीय स्थान अखिल राजकीय उच्चतम माध्यमिक विद्यालय रोसाल तथा आदर्श सेमवाल समर फील्ड पब्लिक स्कूल घनसाली ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। माध्यमिक स्तर पर निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कुमारी हिमानी राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रोसाल, द्वितीय स्थान कुमारी मानसी राजकीय इंटर कॉलेज मगरौ तथा आकाश गनेरा राजकीय इंटर कॉलेज ठेला नेलचामी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# सरकारी चिकित्सालयों को रेफलर सेंटर बनाकर न बनायें मजाक

मिशन नेशनल न्यूज / शादाब अली

देहरादून जिलाधिकारी सविन बंसल ने ऋषिपर्णा सभागार में जनपद के सभी उप जिला चिकित्सालयों की एक साथ प्रबन्धन समिति की बैठक ली। बैठक में जिलाधिकारी ने चकित्सालयों के सभी प्रस्ताव स्वीकृत करते हुए कहा कि आप चिकित्सालयों में सुविधा बढाएं जनमानस के प्रति कमिटमेंट बढाएं। इस अवसर जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा है कि सरकारी चिकित्सालयों को रेफलर सेंटर बनाकर मजाक न बनायें और सभी लोग निजी चिकित्सालयों का खर्चा वहन नहीं कर सकते है।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कड़े शब्दों में कहा कि सरकारी चिकित्सालयों को रेफलर सेन्टर बनाकर मजाक न बनाए सभी लोग निजी चिकित्सालयों का खर्चा वहन नही कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि सरकारी चिकित्सालयों में सुविधा बढाए जाने हेतु सरकार निरंतर प्रयासरत है, लगभग सभी चिकित्सालयों में पूर्ण स्टॉफ भी है, चिकित्सकों एवं चिकित्सा स्टॉफ के सहयोग से हम आदर्श व्यवस्था बना सकते हैं, यह सेवा के साथ ही एक पुनीत कार्य भी है।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने उप जिला चिकित्सालय विकासनगर के आक्सीजन प्लांट की सर्विस तथा भवन मरम्मत के लिए धनराशि मौके पर ही स्वीकृत की है। वहीं प्रेमनगर चिकित्सालय के सभी प्रस्ताव स्वीकृत करने के साथ ही बच्चों के 2० बैड के आईसीयू संचालित करने हेतु मैनपावर, विद्युत कनैक्शन व संसाधन बढाए जाने हेतु स्वीकृति प्रदान की।

बैठक में मसूरी चिकित्सालय में रात्रि में गायनी चिकित्सक न रहने की शिकायत पर डीएम ने एसीएमओ की अध्यक्षता में समिति बनाते हुए अप्रैल से अब तक किये गए संस्थागत प्रसव एवं रेफरल की सूची सहित समस्त बिन्दुओं पर जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश मुख्य चिकित्साधिकारी को दिए। उन्होंने कहा कि माननीयों के प्रतिनिधियों ने अवगत कराया कि चिकित्सालय में ईएनटी चिकित्सक को विकासनगर भी ड्यूटी लगाई गई है।



इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कड़े शब्दों में कहा कि सरकारी चिकित्सालयों को रेफलर सेन्टर बनाकर मजाक न बनाए सभी लोग निजी चिकित्सालयों का खर्चा वहन नही कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि सरकारी चिकित्सालयों में सुविधा बढाए जाने हेतु सरकार निरंतर प्रयासरत है, लगभग सभी चिकित्सालयों में पूर्ण स्टॉफ भी है, चिकित्सकों एवं चिकित्सा स्टॉफ के सहयोग से हम आदर्श व्यवस्था बना सकते हैं, यह सेवा के साथ ही एक पुनीत कार्य भी है।
इस अवसर पर जिलाधिकारी ने उप जिला चिकित्सालय विकासनगर के आक्सीजन प्लांट की सर्विस तथा भवन मरम्मत के लिए धनराशि मौके पर ही स्वीकृत की है। वहीं प्रेमनगर चिकित्सालय के सभी प्रस्ताव स्वीकृत करने के साथ ही बच्चों के 2० बैड के आईसीयू संचालित करने हेतु मैनपावर, विद्युत कनैक्शन व संसाधन बढाए जाने हेतु स्वीकृति प्रदान की।

उन्होंने कहा कि जिससे वह दो ही दिन मसूरी बैठते हुए, जिस पर जिलाधिकारी ने ईएनटी चिकित्सक को तीन दिन मसूरी में ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए, जिस पर समिति के सदस्यों ने जिलाधिकारी का अभार व्यक्त किया। जिलाधिकारी ने प्रेमनगर चिकित्सालय में आईपीडी कम होने पर कारण पूछा और आईपीडी बढाने के निर्देश दिये। मुख्य विकास अधिकारी को सभी चिकित्सालयों का औचक निरीक्षण करते हुए आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि जब चिकित्सालय में समुचित चिकित्सा स्टॉफ एवं संसाधन है तो चिकित्सालयों में सर्जरी कम क्यों हो रही है, उन्होंने चिकित्सालयों से माहवार की गई सर्जरी तथा प्रतिदिन सर्जरी का भी विवरण तलब किया। उन्होंने निर्देशित किया चिकित्सालयों में सैम्पल कलैक्ट करने हेतु अनुबन्धित फर्मों का स्टॉफ चौबीस घंटे मौजूद रहेंगे इसके लिए मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए।

इस अवसर पर बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह, मुख्य चिकित्साधिकारी डा संजय जैन, उप जिलाधिकारी हरि गिरि, सहित सम्बन्धित चिकित्सालयों के प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक एवं समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

## धोखाधड़ी कर सोने की चेन लेकर फरार हुए अभियुक्त को किया गिरफ्तार



मिशन नेशनल न्यूज / शादाब अली

कोतवाली श्रीनगर पुलिस ने सोने की चेन छीनकर फरार होने वाले अभियुक्त को किया गिरफ्तार।

जानकारी के अनुसार कल बुधवार को शिकायतकर्ता

अनीता रावत,निवासी श्रीनगर द्वारा कोतवाली श्रीनगर में शिकायत दर्ज करवाई गई कि बीती 17 नवम्बर को श्रीनगर बैकुण्ठ चतुर्दशी मेले में एक अनजान युवक (फर्जी नाम- प्रदीप बताकर) द्वारा अपना गलत नाम पता बताकर महिला को झांसा देकर धोखे से महिला की सोने की चेन लेकर वहां से भाग गया, जिसे महिला व महिला के परिजनों द्वारा काफी दिनों तक तलाश किया गया पर युवक का कुछ भी पता नहीं चला। ।

एसएसपी पौड़ी लोकेश्वर सिंह द्वारा आमजन के साथ हो रही धोखाधड़ी की घटना को गम्भीरता से लेते हुये इस पर त्वरित कार्यवाही कर विवेचना के सफल निस्तारण हेतु प्रभारी निरीक्षक श्रीनगर को निर्देशित किया गया।

जिस क्रम में श्रीनगर पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए साक्ष्य संकलन व कुशल सुरागरसी पतारसी कर सीसीटीवी कैमरों की मदद से मुकदमा दर्ज होने के 24 घंटे के अंदर ही उक्त घटना में संलिप्त अभियुक्त हिमांशु नेगी (उम्र 23),निवासी- बणद्वारा, थाना गोपेश्वर,जनपद चमोली को वादिनी की सोने की चेन के साथ बुघाणी रोड, श्रीनगर से गिरफ्तार किया गया। उक्त अभियुक्त के सम्बन्ध में जानकारी करने पर प्रकाश में आया कि अभियुक्त शातिर किस्म का है, जिसके विरूद्ध जनपद चमोली में पोक्सो व आईपीसी के अन्तर्गत मुकदमा दर्ज है।

# गंगोत्री क्षेत्र के पूर्व विधायक विजयपाल सजवाण ने किया ऑर्गेनिक ब्यूटी शॉप एवं शैंपू निर्माण प्रशिक्षण का शुभारंभ

### स्थानीय जड़ी-बूटियों और प्राकृतिक पौधों का उपयोग कर महिलाओं को साबुन और शैंपू बनाने का प्रशिक्षण

### महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और स्थानीय संसाधनों का बेहतर उपयोग करने की दिशा में कदम

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता




**उत्तरकाशी,** उत्तराखंड सरकार के महिला सशक्तिकरण अभियान के अंतर्गत महिला सतत आजीविका को प्रोत्साहन देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। उत्तराखंड महिला कल्याण एवं बाल विकास विभाग और इन्फो इंटरनेशनल एजुकेशनल एंड वेलफेयर सोसाइटी उत्तरकाशी के सहयोग से ग्राम पंचायत मातली, ब्लॉक डुंडा, उत्तरकाशी में 25 महिलाओं के लिए ऑर्गेनिक ब्यूटी शॉप एवं शैंपू निर्माण का प्रशिक्षण बैच आरंभ किया गया। इसका शुभारम्भ बतौर मुख्य अतिथि यहाँ पहुंचे गंगोत्री क्षेत्र के पूर्व विधायक विजयपाल सजवाण ने किया। इस पहल के तहत गांव की स्थानीय जड़ी-बूटियों और प्राकृतिक पौधों का उपयोग कर महिलाओं को साबुन और शैंपू बनाने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह कदम न केवल महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाएगा, बल्कि स्थानीय संसाधनों का बेहतर उपयोग कर सतत विकास में योगदान देगा इस दौरान पूर्व विधायक ने कहा कि उत्तराखंड की महिलाएं, अपनी मेहनत और समर्पण से, इस प्रशिक्षण का लाभ उठाकर आत्मनिर्भरता की दिशा में नए कीर्तिमान स्थापित करेंगी। महिलाओं की सफलता ही समाज की शक्ति है। यह पहल महिला सशक्तिकरण के सपनों को साकार करने में मील का पत्थर साबित होगी। इस अवसर पर इन्फो इंटरनेशनल एजुकेशनल एंड वेलफेयर सोसाइटी के प्रबंधक आनंद बुटोला, रा० ई०का० मातली के प्रधानाचार्य संदीप भट्ट, नगरपालिका क्षेत्र जोशियाड़ा के निवर्तमान सभाषद अजीत गुसाईं, मास्टर ट्रेनर दिनेश डबराल, ट्रेनिंग कोर्डिनेटर पवित्रा राणा सहित स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# अंबेडकर जन विकास समिति घनसाली ने संविधान दिवस पर आयोजित की प्रतियोगिताएं

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

अंबेडकर जन विकास समिति घनसाली के तत्वाधान में विकासखंड भिलंगना मुख्यालय में 26 नवंबर 2024 को संविधान दिवस का आयोजन समिति के अध्यक्ष श्री शौकिन आर्य जी के नेतृत्व में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि माननीय विधायक श्रीमान शक्तिलाल शाह विधानसभा घनसाली और उपस्थित सभी अतिथि गणों के द्वारा संविधान शिल्पी डॉ. अंबेडकर के छायाचित्र पर पुष्पाजंलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। समिति के अध्यक्ष श्री शौकिन आर्य जी ने कार्यक्रम के प्रारंभ की घोषणा करते हुए सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि हमें भारतीय संविधान के मूल अधिकारो के प्रति सजग होने के साथ साथ अपने कर्तव्यों के प्रति भी संवेदनशील होना चाहिए। इस कार्यक्रम का संयुक्त रूप से सफल संचालन समिति के महासचिव श्री बॉबी श्रीयाल द्वारा संविधान की विकास प्रकिया पर प्रकाश डाला तथा समिति के मुख्य सलाहकार श्री महावीर धनियाल जी ने संचालन करते हुए भारतीय संविधान की उद्देशिका की कार्यक्रम में उपस्थित महानुभावों और छात्र छात्राओं को प्रतिज्ञा दिलाई। इस अवसर पर माननीय विधायक जी द्वारा छात्रा मानसी सिंह (खो-खो इंटरनेशनल खिलाड़ी) तथा डॉ आर बी सिंह जी को डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त होने पर सम्मानित किया गया।



समिति द्वारा आयोजित कक्षा एक से माध्यमिक तक के छात्र-छात्राओं में भारतीय संविधान की समझ विकसित करने के ध्येय से चित्रकला और निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिताओं में विकासखंड के दूर-दराज विद्यालयों से सैकड़ो छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग कर अपनी कला, कौशल, लेखन से अपने प्रतिभा का प्रदर्शन किया। ब्लॉक भिलंगना के खंड शिक्षा अधिकारी श्री सुमेर कैंतुरा जी के द्वारा स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों, मार्गदर्शक शिक्षकों और निर्णायक मंडली के पदाधिकारियो को आकर्षक ट्रॉफियां, प्रशस्ति पत्र तथा समस्त प्रतिभागी छात्रों को सांत्वना पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया।

खंड शिक्षा अधिकारी श्री सुमेर कैंतुरा जी ने संबोधन में कहा कि भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के बलिदान इतिहास ,कर्म, शिल्प और महिलाओं और वंचितों के समान, मानव हित व सामाजिक संवेदनाओं के लिए विश्व के श्रेष्ठ संविधान निर्माण कर भारत देश को दिया है, जिसकी तारीफ विश्व समुदाय ने की है । समिति के मुख्य सलाहकार एवं श्री महावीर श्रीयाल जी ने कहा कि समिति ने छात्रों को इस कार्यक्रम में प्रतियोगिता का अवसर देकर एक नवोन्वेशी पहल की है।

राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ भिलंगना के अध्यक्ष महावीर धनियाल जी ने समिति की एक सूत्रीय मांग अंबेडकर भवन निर्माण हेतु कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय विधायक श्रीमान शक्ति लाल शाह जी को एवं कार्यक्रम के अति विशिष्ट अतिथि प्रमुख श्रीमती बसुमति घणाता का ध्यान केंद्रित किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय विधायक श्रीमान शक्ति लाल शाह जी ने समिति की एक सूत्रीय मांग को स्वीकार कर

# मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज, अग्रोहा में 15 करोड़ रुपये की लागत से बने खेल परिसर और कन्या छात्रावास का किया उद्घाटन

### अग्रोहा की महान विरासत को राखीगढ़ी की तर्ज पर करेंगे संरक्षित

### प्रधानमंत्री के फिट इंडिया मूवमेंट को सफल बनाने के लिए हरियाणा सरकार संकल्पबद्ध : नायब सिंह सैनी

**हरियाणा/हिसार (राजेश सलूजा) :**

हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने वीरवार को हिसार के महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज, अग्रोहा में बने खेल परिसर और कन्या छात्रावास का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने महाराजा अग्रसेन को नमन करते हुए कहा कि यह कॉलेज महाराजा अग्रसेन जी के मानव सेवा के अभियान को निरंतर जारी रखेगा। श्री ओपी जिंदल ने जो पौधा लगाया था, वो आज वट वृक्ष बन गया है, ये हमारे लिए गर्व की बात है। यह मेडिकल कॉलेज हर व्यक्ति को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के हमारे लक्ष्य को पूरा करने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है।

श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि मेडिकल कॉलेज में ये दो नई सुविधाएं विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी रहेंगी। 4 एकड़ में बने खेल परिसर में तीन मल्टी पर्पस हॉल, स्विमिंग पूल, एक जिम, योग कक्ष व रेस्टोरेंट बनाए गए हैं। इस पर 10 करोड़ रुपये की लागत आई है। 5 करोड़ 70 लाख रुपये की लागत से तीन एकड़ में बने छात्रावास में 54 कमरे बनाये गये हैं, जिससे छात्राओं को बेहतर आवासीय सुविधा उपलब्ध होगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने संस्थान को अपने ऐच्छिक कोष से 31 लाख रुपए की राशि देने की घोषणा की।

**अग्रोहा की महान विरासत को राखीगढ़ी की तर्ज पर करेंगे संरक्षित :**

श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने अग्रोहा के पुरातात्विक स्थल की खुदाई की मंजूरी दी है। इससे अग्रोहा की प्राचीन विरासत के जल्द की उजागर होने की उम्मीद जगी है। इस महान विरासत को राखीगढ़ी की तर्ज पर संरक्षित करेंगे। उन्होंने कहा कि महाराजा अग्रसेन ने हरियाणा की धरती से एक रुपया-एक ईंट का सिद्धांत देकर समाजवाद और गणतंत्र को साकार किया। आज जब हम अपने गणतंत्र का अमृत महोत्सव मना रहे हैं, तो अग्रोहा गणतंत्र पर हमें विशेष गर्व है। महाराजा अग्रसेन का यह गणतंत्र वर्तमान समय में दुनिया के सबसे बडे गणतंत्र भारत की नींव है। हरियाणा सरकार ने महाराजा अग्रसेन की शिक्षाओं और सिद्धांतों को याद रखते हुए हिसार हवाई अड्डे का नाम महाराजा अग्रसेन जी के नाम पर रखा है। एयरपोर्ट का काम अंतिम चरण में चल रहा है, इसका जल्द उद्घाटन किया जाएगा। इससे हरियाणा, पंजाब और राजस्थान को लाभ होगा। एयरपोर्ट के बनने से यह क्षेत्र इंड्रस्टी जॉन कॉरिडोर के रूप में विकसित होगा, जिससे लोगों को लाभ मिलेगा।

**चिकित्सा इन्फ्रास्ट्रक्चर को लगातार किया जा रहा सुदृढ़ :**

श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने देश को मेडिकल हब बनाने का विजन रखा है। उनके इस विजन को साकार करने के लिए हरियाणा में लगातार चिकित्सा इन्फ्रास्ट्रक्चर को सुदृढ़ किया जा रहा है। हरियाणा सरकार हर जिले में एक मेडिकल कॉलेज स्थापित कर रही है। इस समय प्रदेश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या 15 हो गई है। इनमें से 9 मेडिकल कॉलेज वर्तमान राज्य सरकार के कार्यकाल में खुले हैं तथा 9 निमार्णाधीन हैं। इसके अलावा, 3 जिलों फतेहाबाद, चरखी दादरी और पलवल में मेडिकल कॉलेजों के लिए जमीन का चयन कर लिया गया है। जल्द ही इनका निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। इससे प्रदेश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या बढकर 27 हो जाएगी और एम.बी.बी.एस की सीटें बढकर 3,485 हो जाएंगी। इनके अलावा, बाढसा, जिला झज्जर में राष्ट्रीय कैंसर संस्थान खोला गया है। माजरा, जिला रेवाड़ी में एम्स भी स्थापित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पैरामेडिकल स्टाफ की कमी को पूरा करने के लिए करनाल में नर्सिंग कॉलेज व फिजियोथेरेपी कॉलेज खोले गए हैं। सफीदों में भी एक नर्सिंग कॉलेज खोला गया है। जिला फरीदाबाद, पंचकूला, कैथल, कुरुक्षेत्र व रेवाड़ी में सरकारी नर्सिंग कॉलेज खोले जा रहे हैं।

***प्रधानमंत्री के फिट इंडिया मूवमेंट को सफल बनाने के लिए हरियाणा सरकार संकल्पबद्ध :**

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य है सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः। हरियाणा सरकार हेल्दी इंडिया बनाने की दिशा में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू किए गए 'फिट इंडिया मूवमेंट' को सफल बनाने के लिए संकल्पबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने किडनी रोगियों को सभी सरकारी अस्पतालों एवं मेडिकल कॉलेजों में मुफ्त डायलिसिस की सेवाएं गत 18 अक्टूबर से शुरू कर दी है।

# उत्तरकाशी में पं. गोविन्द बल्लभ पंत पार्क का पुनर्निर्माण और ग्रीन बेल्ट का विकास

### जोशियाड़ा में वेंडर्स जोन और स्मार्ट टॉयलेट्स की स्थापना की योजना स्वीकृत

### तांबाखाणी क्षेत्र बनेगा ग्रीन बेल्ट, कूड़े के निस्तारण की योजना स्वीकृत

### जिलाधिकारी ने उत्तरकाशी के विकास के लिए 2.65 करोड़ की योजनाओं को दी मंजूरी

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता



**उत्तरकाशी,** जिला मुख्यालय में पं. गोविन्द बल्लभ पंत पार्क का पुनर्निर्माण करने के साथ ही तांबाखाणी क्षेत्र को ग्रीन बेल्ट के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके साथ ही जोशियाड़ा में वेंडर्स जोन का निर्माण और तीन स्मार्ट टायलेट्स बनाने की महत्वपूर्ण योजना पर भी जल्दी काम शुरू हो जाएगा। जिलाधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट ने इन योजनाओं के लिए नगरपालिका परिषद बाड़ाहाट की कुल रू. दो करोड़ पैंसठ लाख की लागत की योजनाओं के प्रस्तावों को स्वीकृति देते हुए इन महत्वपूर्ण कार्यों को समय से पूरा करने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट के निर्देश पर नगरपालिका परिषद बाड़ाहाट द्वारा जिला मुख्यालय उत्तरकाशी को संवारने के साथ ही स्तरीय जन-सुविधाओं की व्यवस्था, शहर के कूड़े के समुचित निस्तारण और फड़-ठेली लगाने वाले व्यवसायियों के लिए वेंडर्स जोन बनाए जाने की अनेक योजनाओं के प्रस्ताव तैयार किए गए हैं। जिलाधिकारी ने वर्ष 2012-13 में आपदा से क्षतिग्रस्त पं. गोविन्द बल्लभ पंत पार्क का अविलंब पुनर्निर्माण किए जाने के भी निर्देश दिए थे। इसी सिलसिले में नगर पालिका परिषद द्वारा तिलोथ पुल के निकट पं. गोविंद बल्लभ पंत पार्क का पुनर्निर्माण के लिए तैयार किए गए रू. 24.50 लाख की लागत की योजना के प्रस्ताव को जिलाधिकारी के द्वारा अनुमोदित कर पालिका को नगर में अन्य स्थानों पर भी पार्कों के विकास की संभावना तलाशे जाने को कहा है।

जिलाधिकारी ने जोशियाड़ा में रू. 1.50 करोड़ की लागत से वेंडर्स जोन का निर्माण की योजना को भी स्वीकृति प्रदान की है। नगर पालिका के द्वारा जोशीयाडा में झूला पुल व पार्किंग के मध्य स्थित भूमि पर लगभग 500 वर्गमीटर क्षेत्र में बनाए जाने वाले इस वेंडर्स जोन में भूतल पर 10 स्टोर बनाए जाएंगे तथा पहली मंजिल पर 30 दुकानों का निर्माण किया जाएगा। इसके साथ ही नगर में तीन स्मार्ट टॉयलेट्स की स्थापना हेतु भी रू. 50 लाख की धनराशि स्वीकृत की गई है। यह स्मार्ट टॉयलेट्स भटवाड़ी रोड टैक्सी स्टैंड एवं रामलीला मैदान पुराने टॉयलेट्स की जगहों पर निर्मित होंगे।

पालिका के द्वारा तांबाखाणी में जमा कूड़े का निस्तारण कर इस क्षेत्र को हरे-भरे ग्रीन बेल्ट के रूप में विकसित किए जाने की कार्ययोजना बनाई गई है। जिसके लिए जिलाधिकारी द्वारा रू. 40 लाख की योजना का अनुमोदन प्रदान करते हुए नगर की सफाई व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त बनाए रखने तथा कूड़े का समुचित निस्तारण किए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

## पंजाब में फुटबॉल को बढ़वा देने मिनर्वा सेंटर ऑफ एक्सीलेंस शुरू



**चंडीगढ़**

अब पंजाब से भारतीय फुटबॉल को प्रतिभाएं मिलेंगी। अब शेरगिल सॉकर अकादमी के सहयोग से पंजाब के फगवाड़ा में मिनर्वा सेंटर ऑफ एक्सीलेंस शुरू हुई है। मिनर्वा एकेडमी में मिलने वाली अत्याधुनिक सुविधा से जमीनी स्तर पर फुटबॉल का विकास होगाहै। मिनर्वा एकेडमी में प्रतिभाओं को विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा, एक्सपर्ट कोचिंग स्टाफ और उन्नत प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान किए जाएंगे जिससे फुटबॉल की एक नई पीढ़ी निकलेगी।

अकादमी के प्रमुख रंजीत बजाज ने कहा,ह्लमिनर्वा एकेडमी एफसी जमीनी स्तर से युवा प्रतिभाओं की पहचान करने और उन्हें विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह उत्कृष्टता केंद्र पंजाब के युवाओं को शीर्ष-गुणवत्ता वाली कोचिंग और सुविधाओं तक पहुँच प्रदान करके सशक्त बनाने की दिशा में एक कदम है, जो यह सुनिश्चित करता है कि उनके पास राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए उपकरण हों। इससे पंजाब का फुटबॉल आगे आएगा और कुल मिलाकर देखा जाये तो भारतीय फुटबॉल को सहायता मिलेगी। वहीं अकादमी से जुड़े ऋषभ नागपाल ने कहा,ह्लयह पहल दोआबा क्षेत्र की फुटबॉल विरासत को फिर से जीवंत करने के बारे में है। मिनर्वा की विशेषज्ञता और शेरगिल सॉकर अकादमी की जमीनी स्तर पर पहुंच के साथ हमारा लक्ष्य महत्वाकांक्षी खिलाड़ियों के लिए अपने सपनों को पूरा करने के लिए एक विश्व स्तरीय मंच प्रदान करना है। मिनर्वा सेंटर ऑफ एक्सीलेंस एक व्यापक प्रशिक्षण ढांचा प्रदान करता है जो तकनीकी, सामरिक, शारीरिक और मानसिक विकास पर जोर देता है। मिनर्वा अकादमी एफसी, अंतरराष्ट्रीय प्रतिभाओं को तैयार करने के अपने सिद्ध ट्रैक रिकॉर्ड के साथ, खिलाड़ियों को उच्च-स्तरीय प्रतियोगिता और पेशेवर कोचिंग के नियमित प्रदर्शन से लाभान्वित करता है। रंजीत बजाज और मिनर्वा एफसी के नेतृत्व में यह पहल आशा और उत्कृष्टता की किरण के रूप में खड़ी है, जिससे पंजाब में फुटबॉल को बढ़ावा मिलेगा।

## आईसीसी ने पृथ्वी को एक समय बताया था अगला तेंदुलकर पर अब करियर खतरे में पड़ा

**मुम्बई**



अंडर-19 विश्व कप विजेता टीम के कप्तान पृथ्वी शॉ को एक समय भारतीय क्रिकेट का भविष्य बताया जा रहा था। पृथ्वी ने अपने टेस्ट पदार्पण में ही शतक लगा इस उम्मीद को और बल दिया था पर कुछ समय बाद ही हालात बदलने लगे और पृथ्वी की बल्लेबाजी फिकी पड़ने लगी वह सभी जगहों पर विफल होने लगे। इस बार तो आईपीएल नीलामी में उनपर किसी भी टीम ने बोली नहीं लगायी जिससे साफ है कि वह अब तेजी से अपने करियर में नीचे जा रहे हैं। एक समय आईसीसी ने उन्हें अगला सचिन तेंदुलकर बताया था पर अब उनका करियर आज खराब होता दिख रहा है। यहां तक कि उन्हें अनफिट बताकर पृथ्वी को मुंबई रणजी टीम से भी बाहर कर दिया गया है।

आईपीएल की मेगा नीलामी में दो बार उनका नाम आया और 75 लाख रुपये के आधार मूल्य के बावजूद उनके लिए एक भी बोली नहीं लगी. एक टेबल पर सौरव गांगुली थे, दूसरी पर राहुल द्रविड़. आशीष नेहरा, पार्थिव पटेल, जस्टिन लैंगर, रिकी पोंटिंग, स्टीफन फ्लेमिंग और डेनियल विटोरी भी बोली लगाने के लिए सलाह दे रहे थे लेकिन पृथ्वी में किसी की भी दिलचस्पी नहीं थी.

ठीक इसी प्रकार भारतीय क्रिकेट में सचिन तेंदुलकर और विनोद कांबली ने एक साथ नाम कमाया था। घरेलू क्रिकेट में रिकार्ड रन बनाकर दोनों ने टीम इंडिया में जगह बनायी थी। सचिन ने अनुशासन और क्रिकेट के प्रति समर्पण के बल पर शीर्ष स्थान हासिल कर लिया जबकि कांबली खेल के अलावा बाकी चीजों पर ज्यादा ध्यान देने के कारण टीम से बाहर हो गये। वहीं पृथ्वी भी पिछले दिन विवादों में रहे थे और अगर वह अब भी नहीं संभले तो उनका भी यहीं हाल हो सकता है।

## एडीलेड में रोहित की वापसी हुई तो किस क्रम पर खेलेंगे राहुल ?



**एडीलेड**

भारतीय क्रिकेट अब 6 दिसंबर से एडिलेड में दूसरा क्रिकेट टेस्ट मैच खेलने उतरेगी। इस मैच में भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा वापसी करेंगे। इसी मैच से शुभमन गिल भी टीम में लौट सकते हैं, जो चोट के कारण पहला टेस्ट मैच नहीं खेल सके थे। इस प्रकार भारत को दो बदलाव करने पड़ सकते हैं। पहले टेस्ट में रोहित के नहीं होने से राहुल ने यशस्वी जायसवाल के साथ पारी शुरू करते हुए दोनो ही पारियों में अच्छा प्रदर्शन किया था पर अब वह पारी की शुरूआत नहीं कर पायेंगे। उन्हें किस अगर नहीं तो किस नंबर पर खेलेंगे। ये सवाल अब उठ रहे हैं।

माना जा रहा है कि रोहित और शुभमन को अंतिम ग्यारह में लाने के लिए देवदत्त पडिक्कल और ध्रुव जुरेल को बाहर बैठना होगा। ऐसे में राहुल की अंतिम ग्यारह में जगह बनी रहेगी। अब दूसरा सवाल यह है कि केएल राहुल किस नंबर पर खेलेंगे। इसी को लेकर पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर का मानना है कि राहुल को या तो पारी की शुरूआत में भेजना होगा या फिर नंबर-3 पर उतारना होगा। साथ ही कहा कि पहले से ही फार्म में चल रहे बल्लेबाज की जगह बदलनी नहीं चाहिये। इसके लिए भले ही रोहित अपने बल्लेबाजी क्रम बदल दें। वहीं अगर रोहित ही पारी शुरू करते हैं तो राहुल को तीसरे नंबर पर ही बल्लेबाजी करानी चाहिए।

## वेंकटेश को महंगे दामों पर खरीदने के फैसले का ब्रावो ने बचाव किया

**जेद्दा**




कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के मेंटर ड्वेन ब्रावो ने बड़ी नीलामी के जरिये वेंकटेश अय्यर को मोटी कीमत पर टीम से जोडने के फैसले का बचाव किया है। ब्रावो ने कहा कि हमारा लक्ष्य खिताब जीतने वाली टीम के मुख्य खिलाड़ियों को बरकरार रखना था जिसमें हम सफल रहे। ये भी माना जा रहा है कि वेंकटेश को कप्तानी भी दी जा सकती है। वहीं आलोचकों को कहना है कि अगर उन्हें नेतृत्व दिया जाना टीम प्रबंधन की योजना का हिस्सा था तो उन्हें रिटेन किया जाना था पर ऐसा नहीं किया गया। वहीं ब्रावो ने कहा, ह्य वेंकटेश जोड़ना हमारे लिए मुख्य प्राथमिकताओं में से एक था, जैसा कि आप देख सकते हैं हमने उसके लिए पूरा जोर लगा दिया। उन्होंने कहा, ह्ययह अच्छा है हमारे पास चैंपियनशिप जीतने वाली टीम के 90 प्रतिशत खिलाड़ी हैं। यह अपने आप में सकारात्मक संकेत है। जब आप शुरू से टीम तैयार करते हैं तो यह अहम है कि आप अपने मुख्य खिलाड़ियों को बरकरार रखें क्योंकि संयोजन तैयार करना आसान नहीं होता है।

वेंकटेश को केकेआर ने 23.75 करोड़ रुपए में खरीदा। वह दो दिवसीय आईपीएल नीलामी में तीसरे सबसे महंगे खिलाड़ी बने। ब्रावो तेज गेंदबाज उमरान मलिक के केकेआर से जुड़ने को लेकर भी उत्साहित हैं। उन्होंने कहा, ह्यवह जिस गति से गेंदबाजी करता हैं, मैं हमेशा उसकी सराहना करता रहा हूं।

## आई वॉन्ट टू टॉकह्व का अच्छी रेटिंग्स के बावजूद फिका प्रदर्शन




**मुंबई**

बालीवुड अभिनेता अभिषेक बच्चन की नई फिल्म ह्यआई वॉन्ट टू टॉकह्व रिलीज हो चुकी है। एक रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म ने तीन दिनों में मात्र 1.30 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया है। फिल्म को समीक्षकों से तारीफें मिल रही हैं और इसे अच्छी रेटिंग्स भी दी जा रही हैं, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर इसका प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा। पिछले कुछ दिनों में अभिषेक और ऐश्वर्या की पर्सनल लाइफ को लेकर कई तरह की चचाएं सामने आईं, जिनमें तलाक की अफवाहें और बेटी आराध्या के जन्मदिन में गैरमौजूदगी जैसे मुद्दे शामिल थे। इन सबके बावजूद अभिषेक की अदाकारी और फिल्म को मिल रही सराहनाओं ने उन्हें मजबूत बनाए रखा है।अभिषेक बच्चन ने हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में अपने व्यक्तिगत जीवन से जुड़ी नकारात्मकता और चुनौतियों पर बात की। उन्होंने बताया कि वह कठिन परिस्थितियों में भी खुद के प्रति ईमानदार रहते हैं। उन्होंने आगे कहा, ह्लमैं स्वभाव से सकारात्मक व्यक्ति हूं और नकारात्मकता पर ध्यान केंद्रित नहीं करता। जब आप नकारात्मकता में उलझते हैं, तो यह आपको अपने कब्जे में ले लेती है।

### 2025 में सिनेमाघरों में दस्तक देगी अनुराग की डेब्यू फिल्म पांच

**मुंबई**

बालीवुड के फिल्म निर्देशक अनुराग कश्यप की पहली फिल्म पांच आखिरकार 2025 में सिनेमाघरों में दस्तक देगी। निमार्ता टूटू शर्मा ने बताया कि फिल्म पर लगे प्रतिबंध और इसके नेगेटिव के खराब होने के कारण इसे अब तक रिलीज नहीं किया जा सका।

निमार्ता शर्मा ने कहा, हम अगले छह महीनों में पांच को सिनेमाघरों में लाने की योजना बना रहे हैं। नेगेटिव की मरम्मत का काम चल रहा है, और जैसे ही यह प्रक्रिया पूरी होगी, फिल्म रिलीज कर दी जाएगी।पांच को केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) के साथ लंबे विवाद का सामना करना पड़ा था। हालांकि, अब इन मुद्दों का समाधान हो चुका है। शर्मा ने भरोसा जताया कि मौजूदा दौर में पुरानी फिल्मों की दोबारा रिलीज का चलन और दर्शकों की रुचि पांच को सफलता दिलाएगी। उन्होंने कहा, पांच अनुराग कश्यप की अब तक की सबसे बेहतरीन फिल्म है। के के मेनन और तेजस्विनी कोल्हापुरी सहित पूरी कास्ट ने असाधारण प्रदर्शन किया है।

## फैंस की उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा गाना किस्सिक

**मुंबई**




हाल ही में बहुप्रतीक्षित फिल्म ह्यपुष्पा 2: द रूलह्व का नया गाना ह्यकिस्सिकह्व रिलीज हुआ, लेकिन इसे लेकर फैंस की प्रतिक्रियाएं मिली-जुली रही हैं।

अल्लू अर्जुन की इस फिल्म के पहले पार्ट का हर गाना सुपरहिट हुआ था, खासकर ह्यओ अंटावाह्व, जिसमें समंथा का शानदार डांस और बोल्ड लिरिक्स दर्शकों के बीच जबरदस्त हिट हुए थे।

इस गाने ने समंथा को भी स्टार बना दिया था, और ह्यपुष्पा 2ह्व के गाने से भी फैंस को कुछ वैसी ही उम्मीदें थीं।

अब ह्यकिस्सिकह्व गाना रिलीज हो चुका है, जिसमें अल्लू अर्जुन और श्रीलीला की जोड़ी नजर आ रही है।

हालांकि, इस गाने की तुलना ह्यओ अंटावाह्व से की जा रही है, और कई फैंस को यह गाना उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा। गाने में जो ऊर्जा और पॉपुलैरिटी समंथा के गाने में थी, वह किस्सिकह्व में नजर नहीं आई।

कई यूजर्स ने इसे निराशाजनक बताया और लिखा कि समंथा का गाना कहीं बेहतर था। एक यूजर ने तो कहा, समंथा बेहतर थी, जबकि कुछ ने इसे थोड़ा ठीक, लेकिन अल्लू अर्जुन और समंथा के मुकाबले कुछ नहीं कहा।

इसके अलावा, श्रीलीला को भी ट्रोल किया जा रहा है। कई फैंस ने उनकी परफॉर्मेंस पर नकारात्मक टिप्पणियां की हैं, हालांकि गाने में उनकी और अल्लू अर्जुन की कैमिस्ट्री ठीक-ठाक रही। गाने के प्रचार में इसे ह्यओ अंटावाह्व से जोड़कर पेश किया गया था, जिससे फैंस को कुछ ज्यादा ही उम्मीदें थीं।

## इंडस्ट्री ने मुझे हमेशा गर्मजोशी से स्वीकारा: कृति सेनन

**मुंबई**



भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई) में शिरकत करते हुए बॉलीवुड अदाकारा कृति सेनन ने नेपोटिज्म और फिल्म इंडस्ट्री में बाहरी लोगों के संघर्ष पर अपनी राय साझा की।

कृति ने कहा, इंडस्ट्री ने मुझे हमेशा गर्मजोशी से स्वीकारा है। लेकिन जब आप फिल्मी बैकग्राउंड से नहीं होते, तो आपके लिए वहां पहुंचना थोड़ा मुश्किल होता है। आपको अपनी काबिलियत साबित करने और अपनी जगह बनाने में समय लगता है। उन्होंने कहा कि फिल्मी पृष्ठभूमि न होने के कारण किसी व्यक्ति के लिए अपने सपनों के अवसर पाने में अधिक समय लगता है। पत्रिकाओं के कवर पर दिखने से लेकर बड़ी फिल्में पाने तक, सब कुछ मेहनत से ही संभव होता है। हालांकि, अगर आप अपनी कड़ी मेहनत और लगन से काम करते रहें, तो आपको कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने नेपोटिज्म पर इंडस्ट्री के साथ-साथ मीडिया और दर्शकों की भूमिका को भी रेखांकित किया। कृति ने बताया कि स्टार किड्स को बढ़ावा देने में दर्शकों और मीडिया की रुचि महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

उन्होंने कहा, इंडस्ट्री अकेले नेपोटिज्म के लिए जिम्मेदार नहीं है। मीडिया और दर्शकों का योगदान भी इसमें है।

दर्शकों की रुचि के कारण मीडिया स्टार किड्स पर ध्यान केंद्रित करता है, जिससे इंडस्ट्री को लगता है कि दर्शकों की पसंद को ध्यान में रखते हुए फिल्में बनानी चाहिए। यह एक चक्र है। हालांकि, प्रतिभा हमेशा अपनी जगह बनाती है। अगर आप दर्शकों के साथ जुड़ नहीं पाते, तो चाहे किसी भी पृष्ठभूमि से हों, टिक पाना मुश्किल है। काम की बात करें तो कृति को हाल ही में दो पत्ती में काजोल और शहीर शेख के साथ डबल रोल निभाते हुए देखा गया।

**विशेष सूचना**

आज से समाचार पत्रा में वही संवाददाता वैध रहेंगे जिनके नाम प्रेस लाईन के ऊपर बने बॉक्स में दशार्ये गये हैं।

**समाचार व विज्ञापनों के लिए सम्पर्क करें।**

**सारिका**
डेक्स एडिटर
7500992656
---
**नाथीराम कश्यप**
विशेष संवाददाता, लक्सर
9411119095
---------
**शादाब अली**
देहरादून
मो. 9897139325
-----
**शमशाद अहमद**
भगवानपुर

सभी राज्यों में, जिला, तहसील व ब्लॉक, स्तर पर प्रभारी व रिपोर्टर पद हेतू कार्य करने के इच्छुक युवक/युवतियां सम्पर्क करें।

**अमित कुमार मंगोलिया**
सम्पादक
प्रधन कार्यालय
मिशन नेशनल न्यूज, पुल जटवाड़ा, घास मण्डी, ज्वालापुर, हरिद्वार
मो. 9219141431
किसी भी तरह के विवाद का निपटारा हरिद्वार न्यायालय में होगा

स्वामी/मुद्रक/प्रकाशक अमित कुमार ने जय माँ गंगा प्रिन्टर्स, राजराणा कॉम्पलैक्स निकट खाद गोदाम, जमालपुर कलां, ज्वालापुर, हरिद्वार ;उत्तराखण्ड से मुद्रित कराकर, मुख्य कार्यालय: घास मण्डी, वाल्मीकि बस्ती, ज्वालापुर, हरिद्वार पिन 249407 (उत्तराखण्ड) से प्रकाशित किया। किसी भी तरह के विवाद का निपटारा हरिद्वार न्यायालय में होगा सम्पादक: अमित कुमार